दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश

अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश-विदेश 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 9 | मनोरंजन/खेल/व्यापार

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शनिवार 22 अप्रैल 2023, कृष्ण पक्ष तृतीया, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक-12 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

बेतुकी बयानबाजी करने का सर्वाधिकार सिर्फ बड़े नेताओं के पास ही सुरक्षित नहीं है। मोहल्ला छाप छुटभैये नेता भी इस मामले में पीछे नहीं रहते। तभी तो कहते है कि बड़े मियां तो बड़े मियां छोटे मियां सुभान अल्लाह। उत्तर प्रदेश के एक छुटभैये नेता ने कुख्यात डॉन अतीक अहमद की कब्र पर तिरंगा चढ़ा दिया। अतीक अमर रहे के नारे लगाए। उसने अतीक को शहीद बताया और उसे भारत रत्न सम्मान देने की मांग भी कर डाली। फिलहाल वह छुटभय्यै अपनी पार्टी से निष्कासित हो गया है लेकिन अब बड़ा नेता बन कर वापसी करे तो कोई ताज्जुब नहीं होगा।

जंगल को आग की लपटों से बचाने महिलाओं ने पेश की मिसाल

■ **स्वयं आगे आकर वनकर्मियों के साथ निभा रही अपनी भागीदारी**

बिलासपुर/नवप्रदेश। अब हम बुझाएंगे जंगलों की आग ... यह कहना है जंगल को आग की लपटों से बचा रही हरियाली के प्रतीक स्वरूप हरे रंग की साड़ी पहने बेलतरा सर्किल के अंतर्गत जय मां शारदा महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं का। ये महिलाएं जंगल की महत्ता को समझ उसे आग से बचाने के लिए स्वयं आगे आयीं और वनकर्मियों के साथ अपना निःशुल्क योगदान देते हुए बराबर की भागीदारी निभा रही हैं।

गौरतलब है कि वनों को अग्नि से बचाव अत्यंत आवश्यक है। वन विभाग के अनुसार अग्नि सीजन 15 फरवरी से

प्रारंभ हो गया है तथा 15 जून तक वनों को अग्नि से बचाना विभाग की प्राथमिकता में है। इस तारतम्य में वन विभाग द्वारा वनों को आग से बचाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। ग्रामीणों को किए जा रहे जागरूकता अभियान से प्रभावित होकर वनमंडल बिलासपुर अंतर्गत जय मां शारदा महिला समूह की महिलाएं जंगल को आग की लपटों से बचाने के लिए स्वयं आगे आकर वन विभाग के सामने अपना प्रस्ताव रखा।

महिलाओं की उत्सुकता एवं जागरूकता को देखते हुए वन मण्डलाधिकारी बिलासपुर श्री कुमार निशांत द्वारा अपने अधीनस्थ वन कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि महिलाएं जो इस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए राज्य शासन का बहुआयामी प्रयास

■ **पिछड़ी जनजाति 'पहाड़ी कोरवा' और 'बिरहोर' जनजाति के 142 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जशपुर जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति 'पहाड़ी कोरवा' और 'बिरहोर' जनजाति के 142 युवाओं को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति पत्र का वर्चुअल रूप से वितरण किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बगीचा में भेंट-मुलाकात के दौरान विशेष पिछड़ी जनजातियों के युवाओं को सीधी भर्ती के पदों पर नियुक्ति दिलाने की घोषणा की थी। जिस पर अमल करते हुए आज 142 युवाओं को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया।

गौरतलब है कि इससे पहले भी जशपुर जिले के विभिन्न शासकीय विभागों में पहाड़ी कोरवा जनजाति के अभ्यर्थियों को उनकी पात्रता के अनुसार 57 पदों पर नियुक्तियां दी गई हैं। प्रदेश में अब तक विशेष पिछड़ी जनजाति के 708 युवाओं को शासकीय नौकरी दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री निवास में इस अवसर पर आदिम जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम, उद्योग मंत्री कवासी लखमा और आदिम जाति विकास विभाग की संचालक शम्मी आबिदी भी उपस्थित थीं। संसदीय सचिव यू.डी. मिंज और विधायक विनय भगत कार्यक्रम स्थल से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जड़े।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से इन युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जो जीवन में परिवर्तन लाता है। शिक्षा ही आगे बढ़ने मार्ग प्रशस्त करती है। श्री बघेल ने कहा कि आप लोगों ने विपरीत परिस्थितियों में पढ़ाई लिखाई की। आपके माता-पिता का आशीर्वाद भी आप के साथ रहा। आप शिक्षक बने हैं, मन लगाकर बच्चों को पढ़ाएं ताकि बच्चों का भविष्य अच्छा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान और विकास के लिए अनेक योजनाएं बनाई गई हैं। इनका अधिक से अधिक अपने समाज में प्रचार-प्रसार करे ताकि विशेष पिछड़ी जनजातियों के अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। उन्होंने युवाओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि जनजातीय समाज परंपरागत रूप से विकास की दौड़ में पिछड़ा हुआ समाज है। इस समाज में कुछ समुदाय बहुत ज्यादा पीछे रह गए हैं। इन समुदायों को हम विशेष पिछड़ी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी 24 को रीवा-इंदौर वंदे भारत को दिखा सकते हैं हरी झंडी

भोपाल(ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को अपने रीवा दौरे के दौरान वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि अब तक पीएम मोदी के रीवा दौरे के शेड्यूल में वंदे भारत को हरी झंडी दिखाने की बात नहीं थी, लेकिन अचानक इसमें फेरबदल किया जा सकता है।

बताया जा रहा है कि पीएम मोदी रीवा टू इंदौर के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन की सौगात दे सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 तारीख को रीवा से ही वर्चुअल रूप से इंदौर रेलवे स्टेशन के नवनर्माण की आधारशिला रखेंगे। बता दें कि इंदौर रेलवे स्टेशन का निर्माण 1000 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर इंदौर रीवा के बीच वंदे भारत ट्रेन चलाने की डिमांड की थी। पहले से ही इंदौर जबलपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन चलाने के लिए तैयारियां की गई थी। इंदौर के कई कर्मचारी इसके लिए ट्रेनिंग पर भी भेजे गए थे, लेकिन बाद में वंदे भारत ट्रेन भोपाल के कमलापति स्टेशन से दिल्ली के बीच शुरू हो गई। इस ट्रेन में वरिष्ठ नागरिक/दिव्यांग/पत्रकार कोटा ऑप्शन नहीं है, साथ ही ट्रेन में बच्चे का किराया भी लगता है। इस ट्रेन में जो कोटा उपलब्ध है वो जनरल और और तत्काल ही है। दिल्ली से वाराणसी के लिए वंदे भारत हफ्ते में 5 दिन मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को चलती है।

//-- सुविचार --//

जिंदगी में सच के साथ हमेशा चलते रहिए तो वक्त आपके साथ अपने आप चलने लगेगा !

जनसंख्या

विश्व : 8,028,794,417

भारत: 1,418,867,106

बाजार

सेंसेक्स : 59655.06

निफ्टी: 17624.00

गोल्ड : 61,280 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 77,600 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 3.86 प्रति नग

आज का दिवस

पृथ्वी दिवस

पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है जिसे 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। इसकी स्थापना अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप की थी। अब इसे 192 से अधिक देशों में प्रति वर्ष मनाया जाता है। यह तारीख उत्तरी गोलार्द्ध में वसन्त और दक्षिणी गोलार्द्ध में शरद का मौसम है।जब बार से चुनगी आते थे संयुक्त राष्ट्र में पृथ्वी दिवस को प्रत्येक वर्ष मार्च विषुव (वर्ष का वह समय जब दिन और रात बराबर होते हैं) पर मनाया जाता है।

असम-अरुणाचल का 50 साल पुराना सीमा विवाद खत्म

■ **अमित शाह के सामने सरमा-खांडू ने किए हस्ताक्षर**

नई दिल्ली/गुवाहाटी। असम और अरुणाचल प्रदेश की सरकारों ने दोनों राज्यों के बीच पांच दशक से भी पुराने सीमा विवाद को खत्म करने के लिए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। इसके साथ ही दोनों पूर्वोत्तर राज्यों की सीमा पर स्थित 123 गांवों की समस्या का भी समाधान हो गया। असम और अरुणाचल प्रदेश 804.1 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं और अरुणाचल प्रदेश को 1972 में केंद्र शासित प्रदेश घोषित किए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अक्षय तृतीया पर अबकी बार नहीं बजेगी शहनाई, एक हफ्ते करना पड़ेगा इंतजार

■ **अक्षय तृतीया पर गुरु ग्रह अस्त अवस्था में**

■ **शादी के मुहूर्त में गुरु का होना जरूरी**

नई दिल्ली (ए.)। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि अक्षय तृतीया पर बिना मुहूर्त की ही शादियां की जा सकती हैं। लेकिन इस साल 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन गुरु तारा अस्त हैं। ऐसे में शादियां वर्जित मानी जाती हैं। इस कारण इस माह शादियों का योग नहीं है। हालांकि कुछ पंडितों के अनुसार अक्षय तृतीया पर अगर गुरु तारा अस्त भी हो तो भी शादियां की जा सकती हैं।

भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का पृथ्वी पर अवतरण अक्षय तृतीया को ही हुआ था। इसी दिन भगवान विष्णु के चरणों से धरती पर गंगा अवतरित हुई थीं। सतयुग, द्वापर व त्रेता युग का आरंभ भी इसी दिन हुआ था। चारों धामों में शामिल धाम गंगोत्री और यमुनोत्री के पट इसी दिन खुलते हैं। अक्षय तृतीया को ही वृंदावन में श्री बिहारीजी के चरणों के दर्शन वर्ष में एक बार ही होते हैं। इसी दिन सुदामा अपने बचपन के सखा भगवान कृष्ण से आर्थिक सहायता मांगने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिखा चांद, आज मनाई जाएगी ईद, शहर काजी ने की पुष्टि

रायपुर/नवप्रदेश। सऊदी अरब, यूएई, कतर समेत खाड़ी देशों में आज ईद उल फितर यानी मीठी ईद 22 अप्रैल को मनाई गई। वहीं छत्तीसगढ़ में 21 अप्रैल को चांद दिख गया। ऐसे में 22 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी। चांद देखने के बाद सऊदी अरब के सुप्रीम कोर्ट ने आज ईद मनाने की घोषणा की थी। शहर काजी फारुख अली ने इसकी पुष्टि की है। रमजान का पाक माह खत्म होने के बाद इस्लामिक कैलेंडर के शव्वाल माह के पहले दिन ईद मनाई जाती है। दुनियाभर के मुस्लिम समुदाय इस पाक माह में रोजा रखते हैं और पूरे इबादत का दौर चलता है। सऊदी अरब में 29 दिनों का रमजान हुआ है। ऐसे में छत्तीसगढ़ में चांद दिख जाने से 22 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी।

संजय शुक्ला बने रेरा के चेयरमैन

रायपुर। पीसीसीएफ संजय शुक्ला रेरा चेयरमैन बनाए गए हैं। इसका आदेश आज आवास एवं पर्यावरण विभाग छग शासन के संयुक्त सचिव जितेंद्र कुमार शुक्ला ने जारी किया है. संजय शुक्ला अब अखिल भारतीय वन सेवा से वीआरएस लेंगे। 1987 बैच के अफसर संजय शुक्ला मई 2023 में रिटायर हो जाएंगे। अफसर संजय शुक्ला ने रायपुर के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। वे अलग-अलग विभागों में भी महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं।

गरमा-गरम

सियासी गरमी समय आने पर मीटिंग का भी सच बताऊंगा : टीएस सिंहदेव

ढाई-ढाई साल का फॉर्मूला अभी तक पीछा नहीं छोड़ रहा

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस की सियासी गरमी तापमान की तरह अब बढ़ने लगी है। टीएस सिंहदेव ने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री बनने के लिए मैंने कभी पहल नहीं की। चार लोगों को मीटिंग में बुलाया गया था। तब भूपेश भाई सीएम बने। तब से ढाई-ढाई साल का जो फॉर्मूला चला अभी तक पीछा नहीं छोड़ रहा है। टीएस सिंह देव ने कहा कि मैं समय आने पर उस बंद कमरे में हुई मीटिंग का भी सच बताऊंगा। बता दें कि 2018 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की जीत के बाद पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष राहुल गांधी ने टीएस सिंहदेव, भूपेश बघेल, ताम्रध्वज साहू और चरणदास मंहत के साथ सीक्रेट मीटिंग की थी।

छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कई तरह की सियासी अटकलें लगाई जा रही हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनने की इच्छा जताई है। इससे पहले भी उन्होंने कई बार मुख्यमंत्री बनने की बात कही थी। गुरुवार को बिलासपुर में मीडिया से चर्चा करते हुए टीएम सिंहदेव ने कहा कि समय आने पर वो उस मीटिंग का सीक्रेट

भी बताएंगे जो बंद कमरे में बैठकर सीएम चुनने के लिए की गई थी। टीएस बाबा ने कहा कि मैं अगर ये कहूं की मैं मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहता तो गलत हैं। मैं इस राज्य का मुख्यमंत्री बनना चाहता हूं।

मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर एक बार फिर से टीएस सिंहदेव का दर्द मीडिया के माध्यम से सामने आया है। सीएम बनने के सवाल पर टीएस सिंहदेव ने कहा कि अभी जो परिस्थितियां बनी हुई है मैं खुद नहीं जानता मैं सीएम कब बनूंगा। मैंने राजनीति में आने के लिए कभी नहीं सोचा था लेकिन राजनीति में आया। विधायक भी बना, नेता प्रतिपक्ष भी रहा। सीएम के लिए नाम भी आगे चल पड़ा।

मैंने कभी भी मुख्यमंत्री बनने की पहल नहीं की थी

टीएस सिंहदेव ने कहा कि मैं सीएम तो नहीं बना लेकिन मीडिया के माध्यम से मैं सीएम बन गया। उन्होंने कहा कि अगर मैं यह कह दूं कि मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहता तो यह गलत होगा, लेकिन मैंने कभी भी मुख्यमंत्री बनने की पहल नहीं की थी। मैंने नेता प्रतिपक्ष बनने की पहल की थी लेकिन सीएम बनने के लिए कभी पहल नहीं की। यह हाईकमान को निर्णय करना है कि मैं कब मुख्यमंत्री बनूंगा।

मेनिफेस्टो बनाने का समय अब नहीं रहा

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने कांग्रेस के आगामी चुनावी मेनिफेस्टो को लेकर कहा कि पिछली बार की तरह मेनिफेस्टो बनाने का समय अब नहीं रहा। 2018 में पूरे प्रदेश में कार्यक्रम कर हमने सबका सहयोग, सुझाव और मार्गदर्शन लिया था। उन सुझाव को घोषणा पत्र में अंकित कर मेनिफेस्टो तैयार किया गया था। उस तरह का काम करने का समय नहीं बचा है। उस तरह से घूम कर घोषणापत्र में काम करने का वक्त अब निकल चुका है।

न्यूज गैलरी

जिलों में होगा कांग्रेस की आवाज, वक्ता चयन

रायपुर/नवप्रदेश। वक्ता चयन कमेटी के सदस्यों की बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय हुआ कि कमेटी के सदस्य अपने प्रभार जिलों में 22 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किसी एक दिन तय करके जिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल एवं विभाग, प्रकोष्ठ तथा कांग्रेस विचारधारा से जुड़े लोगो को आमंत्रित कर उनसे साक्षात्कार कर हर जिले में न्यूनतम 10 वक्ता तथा अधिकतम की कोई सीमा नही की सूची प्रदेश मुख्यालय को सौपेंगे। वक्ता चयन में वक्ताओं से छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार की योजना, मोदी सरकार की वायदा खिलाफी, छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर बनाम केन्द्र की बेरोजगारी दर, मोदी सरकार के भ्रष्टाचार, केन्द्रीय एजेंसियो का दुरूपयोग, महंगाई, भारत के नवनिर्माण में कांग्रेस का योगदान, आजादी की लड़ाई में कांग्रेस का योगदान, मोदी राज में देश की संवैधानिक संस्थाओं को समाप्त करने की साजिश, देश में किसानों की स्थिति बनाम छत्तीसगढ़ में किसानों की स्थिति विषयों पर उनकी राय ली जायेगी।बैठक में समन्वयक सुशील आनंद शुक्ला, सदस्यगण धनंजय सिंह ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, विकास तिवारी, अभयनारायण राय, सुबोध हरितवाल, अजय साहू, संदीप साहू, सुरेन्द्र वर्मा, शारिक रईस खान, शशि भगत, विभोर सिंह, नितिन भंसाली, गीतेश गांधी, अमित श्रीवास्तव, प्रकाशमणी वैष्णव, सत्यप्रकाश सिंह, विजय बघेल, वंदना राजपूत, अजय गंगवानी, ऋषभ चंद्राकर, रवि ग्वालानी, अनिल चौहान, रूपेश दुबे, योगेश पाणीग्रही, संजय देवांगन उपस्थित थे।

पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से गई जान: रंजना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विधायक रंजना साहू ने पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से बिलासपुर में मंगला लोखंडी के बीच सड़क के गड्ढे में गिरकर एक दूध कारोबारी की मौत पर मुख्यमंत्री से पर्याप्त मुआवजे की मांग करते हुए पीडब्ल्यूडी मंत्री ताम्रध्वज साहू के इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी ने सड़क पर गड्ढा खुला छोड़ दिया था। जिससे यह हादसा हुआ। रंजना साहू ने कहा कि ताम्रध्वज साहू से न तो गृह विभाग संभल रहा है और न ही लोक निर्माण विभाग। पूरे छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था पटरी से उतर गई है। मुख्यमंत्री कहते हैं कि बस्तर में स्थिति में सुधार हुआ है जबकि उनके ही विधायक के काफिले पर बीजापुर में हमला हो गया। गृहमंत्री के रूप में ताम्रध्वज साहू के सारे दावे खोखले साबित हुए हैं। लोक निर्माण मंत्री के रूप में उनके विभागीय कार्य का प्रदर्शन यह है कि उनके स्वयं के सरकारी आवास की दीवार साल में दो बार गिर जाती है। पूरे छत्तीसगढ़ की सड़कों की हालत जर्जर है। सड़क गड्ढों में बदल चुकी है। स्थिति यह है कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के दौरान एक युवा खिलाड़ी को खराब सड़क के कारण अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। वह समय पर रायगढ़ अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। बस्तर की एक खिलाड़ी बेटी भी शिकार हुई।

कांग्रेस की बूथ कमेटियों की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह सचिव विजय जांगिड़ ने दुर्ग संभाग के विधायकों, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक लिया। बैठक में सभी ब्लॉकों में बूथ कमेटियों के गठन की समीक्षा किया गया। जिन ब्लॉक अध्यक्षों ने अपने क्षेत्र के बूथ कमेटियों की सूची को जमा किया। उनका वहीं पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने फोन करके भौतिक सत्यापन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम द्वारा एक-एक बूथ एक-एक ब्लॉक अध्यक्ष जिलाध्यक्ष और एक-एक विधायकों से और प्रभारी महासचिव से संवाद कर बूथ गठन और उसकी भौतिकता पर जानकारी ली। 15 से 20 बूथ प्रभारियों को फोन लगाकर बूथ अध्यक्षों को फोन लगाकर क्रॉस चेक किया और जिसमें 90 परसेंट रिजल्ट आया। अभी तक जिन ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों ने अपने क्षेत्र की बूथ कमेटियों का गठन नहीं किया है उनसे कहा गया है कि 28 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से बूथ कमेटियों का गठन कर प्रदेश कांग्रेस को जमा करें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि बूथ कमेटियों के गठन को सभी जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों को गंभीरता से लेना है 90 प्रतिशत से अधिक गठन हो गया शेष को शीघ्र 28 अप्रैल तक पूरा करना है। हमें हर हाल में मई माह से बूथ कमेटियों के प्रशिक्षण के काम को पूरा करना है। बूथ कमेटियों की मजबूती ही हमारी सरकार की 2023 में फिर से वापसी को सुनिश्चित करेगा। इस काम में कोताही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रभारी सह सचिव विजय जांगिड़ ने सभी पदाधिकारियों से जिम्मेदारीपूर्वक दिये गये टास्क को पूरा करने का निर्देश दिया। हर बूथ कमेटी का भौतिक परीक्षण किया जा रहा है। बूथ कमेटी की मजबूती से ही पार्टी मजबूत होगी।

मूणत को दिमागी बीमारी तो नहीं : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे पूर्व मंत्री भाजपा प्रवक्ता राजेश मूणत के वीडियो पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश

कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सोशल मीडिया में वायरल वीडियो को देखकर ऐसा लगता है कि पूर्व मंत्री राजेश मूणत मसखरे हो गये है या फिर किसी गंभीर मानसिक बीमारी से जूझ रहे हैं? इस वीडियो के पहले एक और वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वो पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे थे, गाली गलौज कर रहे थे, अजीब सी हरकत कर रहे थे, उसके बाद एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें मूणत कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ अभद्र टिपण्णी कर रहे थे। सत्ता जाने के बाद राजेश मूणत मानसिक दिवालियापन के दौर से गुजर रहे हैं ओछी राजनीति कर रहे हैं और मीडिया में बने रहने के लिए इस प्रकार से हरकत कर जनता का ध्यान आकृष्ट कराना चाहते है और उपहास का कारण बन रहे है। राजेश मूणत ही नहीं पूर्व रमन सरकार के 15 साल के शासनकाल के दौरान सत्ता की मलाई खाने वाले रमन सिंह के मठाधीश मंत्रियों और नेताओं की यही हालत है। वो सब सुध बुध खो चुके हैं रमन सिंह भी नगर निगम चुनाव के दौरान मंच से अधिकारी कर्मचारियों को धमका रहे थे। भानूप्रतापपुर उपचुनाव के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री के लिए अभ्रद शब्दों का प्रयोग कर छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र का अपमान किये थे। बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर भी कई बार सार्वजनिक तौर पर अभद्रता कर चुके हैं। सत्ता जाने के बाद भाजपा नेताओं की मानसिक दशा ठीक नजर नहीं आ रही है। प्रदेश में जनसमर्थन खो चुकी भाजपा अब मुद्दों के दिवालियापन के दौर से गुजर रही है इसीलिए गाली गलौज कर अभद्रता कर मीडिया में बने रहना चाहती है।

पेंशन लोक अदालत का होगा आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। इस वर्ष आगामी नेशनल लोक अदालत में पेंशन लोक अदालत का भी आयोजन छ0ग0राज्य विधिक सेवा

प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में जिला रायपुर में किया जायेगा। जिसमें सरकारी एवं अर्द्धसरकारी कार्यालयों के सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारी/कर्मचारियों के पेंशन मामलों का शीघ्र निराकरण किया जायेगा। पेंशन लोक अदालत के आयोजन का उद्देश्य पेंशनधारियों की शिकायतों को देखना है, जिससे पेंशन भोगियों का मौके पर ही उनके मामलें का निराकरण किया जा सके। पेंशन बकाया, पेंशन वृद्धि के बकाया एवं पेंशन संबंधी उनके मामलों के संबंध में पेंशनधारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर में संचालित पेंशन लोक अदालत में अपना मामला प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त मामले में उनको निःशुल्क विधिक सहायता भी प्रदान की जाती है।

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल को 100+ रोबोटिक सर्जरी की मिली उपलब्धि

कुछ कठिनतम सर्जरी

एक मरीज़ जिसकी थाइमेक्टोमी सर्जरी की गई, जिसमें हृदय से बिलकुल लगा हुआ एक ट्यूमर था, अगर एक गलत चीरा लग जाता तो दिल में छेद होने का खतरा था, पर रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से इतनी सफ़ाई से सर्जरी कि गई जिससे बिना किसी परेशानी के मरीज़ ठीक हुआ और अपना जीवन सामान्य तरीके से व्यतित कर रहा है। एक और केस जिसमे पेंक्रियाज का कैंसर था इस सर्जरी को हाईब्रिड तकनीक के माध्यम से किया गया, ओपन सर्जरी के माध्यम से कैंसर निकाला गया और फिर रोबोटिक सर्जरी की मदद से पैंक्रियाज का पुनर्निर्माण किया गया. रोबोटिक सर्जरीज से बड़ी आंत का कैंसर, पित्त की थैली का आपरेशन, मलद्वार के रास्ते के कैंसर का आपरेशन, पेट के कैंसर का आपरेशन, गुर्दे का आपरेशन, हार्निया का आपरेशन, बड़ी आंत का आपरेशन, बच्चेदानी निकालने का आपरेशन आदि सभी प्रकार की सर्जरी की जाती है।

रायपुर/नवप्रदेश। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की प्रतिष्ठा, विश्वस्तरीय चिकित्सा व सर्जरी की अत्याधुनिक सुविधाओं के लिये पूरे मध्यभारत में फैली हुई है। हृदय रोग, किडनी, लिवर, मस्तिष्क संबंधी जटिल से जटिल रोगों के मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज, यहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों व कुशल अनुभवी स्टाफ के द्वारा होता है।रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के मेडिकल व मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे जो 30 वर्षो के अनुभवी व कुशल सर्जन के रूप मे प्रतिष्ठा प्राप्त हैं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल को, अपने परिश्रम व प्रयासों से श्रेष्ठ हॉस्पिटल का दर्जा प्राप्त करने में समर्पित ढंग से जुटे रहते हैं। इसी दिशा में उनके द्वारा छत्तीसगढ़ के सर्वप्रथम रोबोटिक सर्जरी मशीन की स्थापना रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल मे की गई। रोबोटिक सर्जरी के अनेक फायदे हैं जिनमें सर्जरी की क्रिया में विशेषज्ञ चिकित्सक का पूर्ण नियंत्रण, छोटा, चीरा, न्यूनतम रक्त स्त्राव, न्यूनतम जटिलता और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ शामिल है। इनके साथ ही मरीजों को सबसे बड़ा फायदा यह भी मिलता है कि कुछ समय पहले तक, उन्हें इस तरह के इलाज व सर्जरी के लिये महानगरों के बड़े हॉस्पिटल में जाना होता था, जिसमें समय व पैसों की परेशानी उठानी पड़ती थी। अब रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में स्थापित द विन्सी-4 जनरेशन नामक अत्याधुनिक कम्प्यूटराज्ड मशीन से इस प्रकार की सर्जरी यहाँ भी होती है।

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में अनुभवी व कुशल सर्जन्स की टीम सदैव उपलब्ध रहती है, जिनमें डॉ.संदीप दवे एवं अन्य लेप्रो. सर्जन्स डॉ. जव्वाद नकवी, डॉ. सिद्धार्थ तामस्कर एवं डॉ. विक्रम शर्मा आदि शामिल है। मध्यभारत की इस अनुभवी व कुशल रोबोटिक व लेप्रोस्कोपिक सर्जन्स की टीम द्वारा अब तक 100 से अधिक, रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी है ङ्क जो एक गौरवशाली उपलब्धी है।

जीवनशैली संबंधी रोगों और एलर्जी में बेहद कारगर है होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति

रायपुर/नवप्रदेश। होम्योपैथी पद्धति में हो रहे अनुसंधान और नवाचार पर चर्चा के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में एक दिवसीय सीएमई आयोजित की गई। इसमें जीवनशैली संबंधी रोगों और एलर्जी में होम्योपैथी को सर्वाधिक कारगर बताते हुए इसे प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। विशेष वक्ता के रूप में कोलकाता के डॉ. नवीन कुमार सिंह, सीएचएमसीएच और डॉ. हिमांशु शेखर तिवारी, सीजीएचएस, नई दिल्ली ने होम्योपैथी के लगातार प्रसार की चर्चा करते हुए इसमें आ रहे बदलावों और लोकप्रियता के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल ने कहा कि होम्योपैथी साक्ष्य आधारित लोकप्रिय चिकित्सा पद्धति है। इसमें डोज, डाइल्यूशन और कंस्ट्रेशन का महत्व होता है। भारत में भी यह वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के रूप में लगातार लोकप्रिय हो रही है। एम्स में एलोपैथी के साथ आयुष की विभिन्न ब्रांच के साथ संयुक्त शोध को बढ़ावा दिया जा रहा है। आयोजक होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि सीएमई का उद्देश्य होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनीमेन के शिक्षण और अनुसंधान के बारे में नई पीढ़ी को जानकारी प्रदान करना रहा। इसमें राज्य के 200 से अधिक होम्योपैथी चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रो. विनय पंडित, डॉ. विक्रम पई और डॉ. लक्ष्मण कुमार ने भी भाग लिया।

अग्निवीर बनने युवाओं में गजब का जज्बा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय सेना का हिसा बनकर देश की सेवा करने का जज्बा लेकर बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ के युवा, अग्निवीर की परीक्षा में 19 अप्रैल, 2023 को शामिल हुए। रायपुर सेंटर में निर्धारित समय पर युवाओं की भीड़ नजर आई। 19 अप्रैल को तीन सेंटरों (रायपुर, भिलाई और बिलासपुर) की तीनों शिफ्टों में 78 प्रतिशत यानि कुल 1573 युवा ऑनलाइन परीक्षा में शामिल हुए। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के अनुसार छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के लिए रायपुर सेंटर के अलावा भिलाई और बिलासपुर में भी परीक्षा सेंटर बनाए गए हैं । अग्निवीर जीडी पद के लिए 21 अप्रैल, 2023 तक परीक्षा आयोजित की जाएगी।

पूर्व सीएम ने गृहमंत्री को लिखा पत्र

■ महार-मेहरा-मेहर जाति को आरक्षण का लाभ देने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने केंद्र सरकार को 2 पत्र लिखे जिसमें उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर 1992 से आरक्षण से वंचित छत्तीसगढ़ के महार/मेहरा/मेहर जाति को छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति की सूची में प्रतिस्थिापित करने का आग्रह किया है। पूर्व सीएम रमन सिंह ने पत्र में लिखा कि छत्तीसगढ़ राज्य में महारा/महरा जाति को छत्तीसगढ राज्य अनुसूचित जाति की सूची के सरल कमांक 33 में महार/मेहरा/मेहर के साथ प्रतिस्थापित करने हेतु समाज के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन प्रस्तुत किया है। उन्होंने विशेष ध्यान देते हुए उल्लेखित किया कि छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग में महारा समुदाय की जनसंख्या लगभग 6 लाख से अधिक है, जो वर्ष 1992 से आरक्षण से वंचित हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने महरा, माहरा समुदाय को छत्तीसगढ़ की अनुसूचित जातियों की सूची में महार, मेहरा, मेहर की पर्यायवाची के रूप में शामिल करने की अनुशंसा प्रस्ताव 07.दिस.2021,23.दिस 2.2021, 10.जन.2022 और 28.जन.2022 अनुसार की है, एवं प्रक्रिया अनुसार भारत के महारजिस्ट्रार एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने प्रस्ताव का परीक्षण कर सहमति व्यक्त कर दी है। जिसमें कि भारत सरकार राजपत्र ि 18.दिस. 2002 अनुसार पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश सरकार में महार, मेहरा, मेहर, महारा को अनुसूचित जाति की श्रेणी में रखने की मान्यता प्रदान कर दी है। बस्तर से हवाई सुविधा के लिए जताया आभार : इसके साथ ही डॉ रमन सिंह ने गृह मंत्रालय और इंडिगो के मध्य हुये अनुबंध के अनुसार बस्तर के नक्सल मोर्चे पर तैनात हजारों जवानों के लिये बस्तर से दिल्ली तक निःशुल्क हवाई सुविधा के लिए केन्द्रीय मंत्री सिंधिया को आभार प्रकट किया। इसके उपरांत उन्होंने पत्र में आगे लिखा कि बस्तर के आम नागरिकों के लिये दिल्ली हेतु कोई सीधी रेल या बस सेवा नही है, गृह मंत्रालय के उपरोक्त अनुबंध अनुसार केवल अर्धसैनिक बल के जवानों के लिये सप्ताह में 3 दिन इंडिगो का 70 सीटर विमान संचालित है।

कोरोना को लेकर राज्य सरकार को गंभीरता दिखाने की जरूरत : चंदेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा है कि प्रदेश के 25 जिलों में पिछले 24 घंटे में हुए परीक्षण के बाद 619 कोरोना संक्रमित मरीजों का मिलना प्रदेश सरकार की विफलता का एक और ताजा उदाहरण है। श्री चंदेल ने कहा कि प्रदेश में प्रतिदिन कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या के बावजूद राज्य सरकार कोरोना की रोकथाम को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है। चंदेल ने कहा कि कोरोना की पॉजिटिविटी दर 9.37 बढ़ चुकी है, लेकिन प्रदेश सरकार ने अब तक न तो अपने स्वास्थ्य विभाग को सक्रिय करना जरूरी समझा है, और न ही इससे बचाव के लिए जनजागृति के उपायों पर उसका ध्यान जा रहा है।

लुटिया डुबोने वाले ही स्टार प्रचारक, कांग्रेस में नेताओं का अकाल : धरमलाल कौशिक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि मरकाम अपनी डूबती नैया और देश भर में कांग्रेस के अस्तित्व पर आए संकट की चिंता करने की बजाय भाजपा के बारे में फिजूल की टीका टिप्पणी करने में वक्त बर्बाद कर रहे हैं। कांग्रेस में नेताओं का अकाल है। इसलिए देश भर में पिटे पिटाये मोहरे स्टार प्रचारक के तौर पर पेश करना उसकी मजबूरी है। राहुल गांधी पूरे देश में कांग्रेस को हरवाते रहते हैं। उसके बाद भी स्टार प्रचारक हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस के उम्मीदवारों की जमानत जप्त करवाती है तो भी स्टार प्रचारक

होती है। भूपेश बघेल जहां भी जाते हैं वहां कांग्रेस की लुटिया डुबा आते हैं। जबकि भाजपा के पास देश के सर्वाधिक मुख्यमंत्री हैं। ढेर सारे केंद्रीय मंत्री हैं। राष्ट्रीय पदाधिकारी हैं। संगठन के अन्य प्रभावशाली नेता हैं। भाजपा के पास नेताओं की कमी नहीं है। हम कार्यकर्ता आधारित पार्टी हैं। कांग्रेस बैसाखियों के सहारे है। भाजपा में समय-समय पर सभी को जिम्मेदारी मिलती है।

कलिंगा में छात्र शाखा की वार्षिक बैठक

रायपुर। आईईईई कलिंगा विश्वविद्यालय छात्र शाखा, आईईईई ने 5 अप्रैल 2023 को एक वर्ष पूरा कर लिया है। अपनी पहली वर्षगांठ मनाने के लिए, इस शाखा के छात्र सदस्यों द्वारा एक वार्षिक बैठक आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम के लिए गोदावरी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के महाप्रबंधक श्री प्रवीण कुलकर्णी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था और आईईईई मध्य प्रदेश अनुभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर गीतम तोमर को इस कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आर श्रीधर, रजिस्ट्रार डॉ संदीप गांधी, निदेशक आईक्यूएसी डॉ विजयलक्ष्मी बिरादर, डीन अकादमिक अफेयर्स डॉ राहुल मिश्रा सहित मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। आईईईई केयू एसबी एमपी सेक्शन के तहत सबसे सक्रिय छात्र शाखा में से एक है÷ विशेष अतिथि ने अपने भाषण के दौरान सम्बोधित किया। ÷छात्रों को उद्योगों की आवश्यकताओं को समझने के लिए उद्योग के अनुभव की आवश्यकता है और हम अपने उद्योग में उनके लिए इंटर्नशिप की पेशकश करके उन्हें प्राप्त करने में कलिंगा विश्वविद्यालय की मदद करने के लिए तैयार हैं।

ढोकरा शिल्प व सौरा कला बनीं ऑनलाइन कला दीर्घा की शान

■ विश्व विरासत दिवस पर वेदांता एल्यूमिनियम में स्थानीय कलाकारों को मिला हुनर दिखाने का मंच

नई दिल्ली/ओडिशा। भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्यूमिनियम ने विश्व विरासत दिवस के मौके पर अपनी वेबसाइट पर ऑनलाइन कला दीर्घा की शुरूआत की है। इसके जरिए प्रचालन क्षेत्रों के शिल्पकार समुदायों की कलाकृतियों को प्रदर्शित और प्रचारित किया जा रहा है। बाजार की मांग के अनुरूप वेदांता की वेबसाइट पर ढोकरा धातु कला और सौरा चित्रकलाएं प्रदर्शित की गई हैं जिनकी खरीद की जा सकती है। वेदांता एल्यूमिनियम की इस पहल का उद्देष्य प्रचालन क्षेत्रों और उसके आसपास की समृद्ध कला-संस्कृति से पूरी दुनिया को परिचित कराना है। स्थानीय शिल्पकारों को सशक्त करने वाली यह कला दीर्घा उन्हें आय के नए विकल्प मुहैया कराएगी।

ढोकरा एक उत्कृष्ट धातुकला है जो सिंधु घाटी सभ्यता से चली आ रही है और लगभग 5000 वर्षों से यह भारत की समृद्ध हस्तशिल्प विरासत का हिस्सा है। ओडिशा के कालाहांडी जिले के कांकेरी गांव में यह कला लुप्तप्राय थी। एक से दूसरी पीढ़ी तक स्थानांतरित होने वाली इस कला के जरिए कलाकार कुछ बुनियादी किस्म के आभूषण तैयार करने तक सीमित थे जिससे उन्हें बहुत कम आमदनी होती थी। इससे अनेक कारीगरों को ढोकरा शिल्प छोड़कर बेहतर आजीविका के लिए अन्य राज्यों में पलायन कर निर्माण मजदूर बनने के लिए मजबूर होना पड़ा। वेदांता एल्यूमिनियम ने अपने संयंत्र के निकट स्थित कांकेरी गांव में ढोकरा शिल्प को पुनर्जीवित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए। कलाकारों को पारंपरिक तकनीकों के इस्तेमाल से आधुनिक डिजाइन बनाना सिखाया गया। कंपनी ने धातु व कच्चा माल खरीदने के लिए प्राथमिक पूंजी मुहैया कराई।

14 पादरियों के तबादले

रायपुर/नवप्रदेश। चर्च आफ नार्थ इंडिया छत्तीसगढ़ डायसिस ने गुरुवार को 14 पादरियों के स्थानांतरण कर दिए। पादरी अनिल चौहान को लंबे अरसे के बाद डिसाइपल्स चर्च बिलासपुर की जिम्मेदारी दी गई है। इस चर्च पादरी निर्मल कुमार को डिसाइपल्स चर्च पेंड्रा रोड भेजा गया है। डिसाइपल्स चर्च फास्टरपुर से पादरी सुशील मसीह को रायपुर सेंट पॉल्स कैथेड्रल लाया गया है। छत्तीसगढ़ डायसिस के बिशप द राइट रेवरेंड अजय उमेश जेम्स व सचिव नितिन लारेंस ने यह आदेश जारी किए हैं। इसके पूर्व डायसिस की उच्च स्तरीय कमेटी की बैठक में इसका फैसला लिया गया। सेंट मैथ्यूस चर्च रायपुर से पादरी सुनील कुमार को सेंट पॉल्स कैथेड्रल रायपुर लाया गया है। सेंट जेकब चर्च जोरा से पादरी असीम पी. विक्रम को सेंट मैथ्यूल चर्च रायपुर की जिम्मेदारी दी गई है। सेंट पॉल्स कैथेड्रल में एसोसिएट पादरी की सेवाएं दे रहे पादरी अब्राहम दास को सेंट जेकब चर्च जोरा भेजा गया है। पादरी पंकज गुलजार को जीवन ज्योति चर्च खरसिया से नव ज्योति चर्च सक्ती में पदस्थ किया गया है। डिसाइपल्स चर्च बिलासपुर से पादरी समीर फ्रेंक्लीन को बैथेल चर्च बैतलपुर स्थानांतरित किया गया है। पादरी के खुटे को सेंट पॉल्स कैथेड्रल रायपुर से डिसाइपल्स चर्च फास्टरपुर भेजा गया है। पादरी मनीष मसीह को बैथेल चर्च बैतलपुर से एसोसिएट प्रेसबिटर के रूप में डिसाइपल्स चर्च बिलासपुर भेजा गया है।

सर गंगाराम, लीलावती, नानावटी जैसे अस्पतालों में इलाज करा सकेंगे छग के शासकीय सेवक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने शासकीय सेवकों और उनके आश्रित परिजनों के इलाज के लिए राज्य के बाहर स्थित 41 अस्पतालों को मान्यता दी है। शासकीय कर्मियों के इलाज के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इन अस्पतालों को मान्यता मिली है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री टीएस सिंहदेव के अनुमोदन के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मान्यता प्राप्त अस्पतालों की सूची मंत्रालय से जारी की है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने शासकीय कर्मियों और उनके परिजनों के उपचार के लिए विगत 11 अप्रैल को 92 अस्पतालों की सूची जारी की थी जिनमें प्रदेश के विभिन्न शहरों के 91 और राज्य के बाहर स्थित एक अस्पताल नीति क्लिनिक्स प्राइवेट लिमिटेड रामदासपेठ, नागपुर शामिल था। विभाग द्वारा 19 अप्रैल को जारी मान्यता प्राप्त अस्पतालों की सूची में राज्य के बाहर स्थित 40 अस्पताल शामिल हैं। इस तरह शासकीय सेवारत अधिकारियों-कर्मचारियों के इलाज के लिए मान्यता प्राप्त अस्पतालों की कुल संख्या अब 132 हो गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने राज्य शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर के अध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों को मान्यता प्राप्त अस्पतालों की सूची प्रेषित की है।

इन अस्पतालों को मिली मान्यता : सर गंगाराम हॉस्पिटल राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली. स्पंदन हार्ट इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर धनतोली, नागपुर. प्लेटिना हार्ट हॉस्पिटल सीताबुल्दी, नागपुर. शेल्बी मल्टीस्पेशियालिटी हॉस्पिटल विजय नगर, जबलपुर. मेदांता द मेडिसिटी, सेक्टर-28, गुड़गांव. जसलोक हॉस्पिटल, मुंबई. सी.एम.सी. वेल्लोर, शंकर नेत्रालय, चेन्नई. अपोलो हॉस्पिटल, चेन्नई. एस्कार्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली. बत्रा हॉस्पिटल, नई दिल्ली. लीलावती हॉस्पिटल, मुंबई. मेट्रो हॉस्पिटल नोएडा, दिल्ली. चोईथराम हॉस्पिटल, इंदौर. यशोदा हॉस्पिटल, हैदराबाद. फोर्टिस एंड लाफ्रेस फोर्टिस हॉस्पिटल दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित हॉस्पिटल की सभी शाखाएं. मैक्स देवकी हार्ट एंड वास्कुलर इंस्टीट्यूट, सुपरस्पेशियालिटी हॉस्पिटल - दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित हॉस्पिटल की सभी शाखाएं. प्राईमस सुपरस्पेशियालिटी हॉस्पिटल चाणक्यपुरी, नई दिल्ली. मैक्स सुपरस्पेशियालिटी हॉस्पिटल साकेत, नई दिल्ली. अपोलो हॉस्पिटल्स चिनगाधिली, विशाखा पटनम. मेदांता सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल एबी रोड, इंदौर. शेल्बी हॉस्पिटल सुपर स्पेशियालिटी केयर आर.एस. भंडारी मार्ग, इंदौर. शेल्बी मल्टीस्पेशियालिटी हॉस्पिटल एस.जी. रोड, अहमदाबाद. बासवाताराकम इंडो-अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट बंजारा हिल्स, हैदराबाद. कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट, मुंबई. बॉम्बे हॉस्पिटल, मुंबई. नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई. इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल, दिल्ली. पंडालिया कॉर्डियो-थोरेसिक फाउंडेशन, चेन्नई. एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, हैदराबाद. मेडविन हॉस्पिटल, हैदराबाद. सेवन हिल्स हॉस्पिटल, विशाखापटनम. केयर हॉस्पिटल, विशाखापटनम. स्योरटेक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, नागपुर. एच.सी.एम.सी.टी. मनिपाल हॉस्पिटल्स ओखला इंडस्ट्रियल इस्टेट, नई दिल्ली. ओमनी आरके सुपरस्पेशियालिटी हॉस्पिटल रामनगर, विशाखापटनम. ग्लेनीग्ल्स ग्लोबल हॉस्पिटल्स, हैदराबाद. अपोलो हॉस्पिटल जुबली हिल्स, हैदराबाद. मेडिट्रिना इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रामदासपेठ, नागपुर.।


प्रभु राम के ननिहाल में स्थित
कौशल्या माता मंदिर का जीर्णोद्धार कर
विश्वपटल पर स्थापित कर मातृ शक्ति को समर्पित
माता
कौशल्या
महोत्सव-2023
22-24 अप्रैल 2023, चंदखुरी-रायपुर
भक्ति, आस्था और अध्यात्म
महोत्सव के
उद्घाटन समारोह
22 अप्रैल 2023, शाम 5 बजे, चंदखुरी-रायपुर
में आप सभी सादर आमंत्रित हैं
- भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
माता कौशल्या मंदिर
चंदखुरी
सांस्कृतिक कार्यक्रम
22 अप्रैल, शाम 5 बजे
माधुरी महिला मानस मंडली, गरियाबंद
श्रीमती पुष्पांजलि सिन्हा
राम की शक्ति पूजा
श्री व्योमेश शुक्ला, वाराणसी
भक्तिमय गीत-संगीत भजन
सुश्री कविता पौंडवाल, मुम्बई
23 अप्रैल, शाम 5 बजे
वीणा वादिनी मानस परिवार, भाटापारा
श्रीमती वीणा साहू
हरिदर्शन मानस मंडली, जांजगीर-चांपा
श्री देवेंद्र कुमार श्रीवास
ज्ञान गंगा मानस परिवार, दंतेवाड़ा
श्री कुशल सिंह साहू
भक्तिमय शास्त्रीय संगीत नृत्य-नाटिका
सुश्री रमिंदर खुराना, मुंबई
भक्तिमय गीत-संगीत भजन
श्री प्रभंजय चतुर्वेदी, भिलाई
24 अप्रैल, शाम 5 बजे
प्रज्ञा महिला मानस परिवार, कुरुद-सिलियारी
श्रीमती कुमुदिनी चंद्रवंशी
भक्तिमय गीत-संगीत भजन
श्री देवेश शर्मा, रायगढ़
भक्तिमय गीत संगीत भजन
सुश्री तृप्ति शाक्या, मुंबई
छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार
संवाद - 36713
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in

संपादकीय

कश्मीर में फिर आतंकी हमला

कश्मीर से 370 के खात्मे के बाद से बेशक वहां आतंकी घटनाओं में कमी आई है। पत्थरबाज गैंग का सफाया हो गया है और अलगाववादियों के हौसले भी पस्त हुए है। इसके बावजूद रह रहकर वहां बचे खुचे आतंकवादी हिंसक घटनाओं कों अंजाम देने में सफल हो ही जा रहे है। टारगेट किलिंग कर कश्मीर घाटी में कश्मीरी पंडितों की हत्या कर क्रम बदस्तूर जारी है और अब तो वे सेना पर भी घात लगाकर आतंकी हमला करने का दु:साहस कर रहे है। कश्मीर के पूंछ सेक्टर में आतंकी हमले में सेना के पांच जवान शहीद हो गए। इन आतंकवादियों के खिलाफ सघन सर्च अभियान चलाया जा रहा है और आज नहीं तो कल इन आतंकवादियों को हमारी सेना जहन्नूम रसीद कर ही देगी। किन्तु सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक हम शहीद जवानों के शव गिनते रहेंगे। यह सिलसिला अब टूटना ही चाहिए। इसके लिए अब कश्मीर घाटी में आतंवादियों और उनके हिमायतियों के खिलाफ जल्द से जल्द एक बड़ी सर्जिकल स्ट्राईक करना निहायत जरूरी है। भारतीय सेना ने पिछले दो साल के दौरान सैकड़ों आतंकवादियों को बहत्तर हूरों के पास रवाना कर दिया है। भारतीय सेना के इस सख्त रूख के कारण ही वहां बचे खुचे आतंकवादी बुरी तरह बौखला गए है और वे आतंकी घटनाओं को अंजाम देने लगे है। पड़ौसी देश पाकिस्तान जो खुद भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है लेकिन अभी तक वह अपने नापाक इरादों से बाज आने का नाम नहीं ले रहा है। कश्मीर और पंजाब में अशांति फलाने का षडयंत्र रच रहा है। खासतौर पर कश्मीर में अशांति फैलाने के लिए वह अपनी पूरी ताकत लगा रहा है इसलिए पाकिस्तान को भी उसी की भाषा में मुंहतोड़ जवाब देना जरूरी हो गया है। रही बात कश्मीर की तो वहां जो गिनती के आतंकवादी बच गए है वे अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे है। इसके पहले कि वे और कोई आतंकी घटना को अंजाम दे पाएं उन्हे नेस्तनाबूत किया जाना चाहिए। इसके लिए विशेष अभियान चलाने की जरूरत है ताकि कश्मीर घाटी में एक भी आतंवकवादी जिंदा न बच पाएं। जब तक ऐसा नहीं होगा ऐसी आतंकी घटनाओं की पुनरावृत्ति पर रोक लगा पाना असंभव की हद तक कठिन हो जाएगा। पीएएफ़फ ने जम्मू कश्मीर में पहले भी कई हमलों को अंजाम दिया है. तीन जून 2021 को बीजेपी नेता राकेश पंडिता की हत्या में इसी संगठन का हाथ था. यह ऐसा मामला था, जिससे यह संगठन सरकार की रडार पर आ गया था. इसके बाद 11 अगस्त 2021 को संगठन ने एक बार फिर राजौरी जिले में सेना पर हमला किया. यह आतंक यहीं नहीं रुका. इसके ठीक एक महीने बाद 11 अक्टूबर 2021 को मेंढार में पुंछ जिले में भारतीय जवानों पर हमला किया गया था, जिसमें सेना के 9 जवान शहीद हो गए थे. इस हमले की जिम्मेदारी भी पीएएफ़फ ने ली थी. तीन अक्टूबर 2022 को जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (जेल) हेमंत लोहिया की उनकी घर में घुसकर हत्या कर दी गई थी. यह हत्या ऐसे समय पर की गई थी, जब गृहमंत्री जम्मू कश्मीर के दौरे पर थे।

विश्व पृथ्वी दिवस पर विशेष

आखिर क्यों धधक रही है पृथ्वी?

योगेश कुमार गोयल

सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है।

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं।

प्रकृति पिछले कुछ समय से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत देती रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि करीब 30 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है। हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है।

धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे।

सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। बहरहाल, अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है, उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

आज का पंचांग (शनिवार, 22 अप्रैल 2023)



सूर्योदय : 06:03, सूर्यास्त : 06:46
चन्द्रोदय : 05:45, चन्द्रास्त : 19:07

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : प्रतिपदा, नक्षत्र : भरणी, योग : विष्कुम्भ (13:01 से प्रीति), प्रथम करण : नाग (09:41 तक), द्वितीय करण : किंस्तुघ्न (21:01 तक)।

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : मेष, मंगल : मिथुन (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : कुम्भ (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : वृष (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:50 से 12:42, अमृत काल : 16:11 से 17:44, सर्वार्थसिद्धि योग : 05:45 से 23:11, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:18, गोधूलि मुहूर्त : 18:46 से 19:08, सायाह्न सन्ध्या : 18:47 से 19:53, निशिता मुहूर्त : 23:54 से 24:37, राहुकाल : 10:30 से 12:00, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 05:45 से 07:23, होमाहुति : सूर्य, दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्र वास : पूर्व, शिववास : गौरी के साथ (09:41 से श्मशान में)।

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1 - शुभ, 2 - रोग, 3 - उद्वेग, 4 - चर, 5 - लाभ, 6 - अमृत, 7 - काल, 8 - शुभ

॥रात्रि का चौघड़िया॥

1 - अमृत, 2 - चर, 3 - रोग, 4 - काल, 5 - लाभ, 6 - उद्वेग, 7 - शुभ, 8 - अमृत

नोट: दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशा: पूर्व-उत्तर (दही का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम भरणी नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (ली , लु, ले, लो) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

मेष - 29:32 से 07:06, वृषभ - 07:06 से 09:01, मिथुन - 09:01 से 11:16, कर्क - 11:16 से 13:37, सिंह - 13:37 से 15:56, कन्या - 15:56 से 18:14, तुला - 18:14 से 20:35, वृश्चिक - 20:35 से 22:54, धनु - 22:54 से 24:58, मकर - 24:58 से 26:39, कुम्भ - 26:39 से 28:05, मीन - 28:05 से 29:28।

पञ्चक रहित मुहूर्त

मृत्यु पञ्चक - 05:45 से 07:06, अग्नि पञ्चक - 07:06 से 09:01, शुभ मुहूर्त - 09:01 से 09:41, मृत्यु पञ्चक - 09:41 से 11:16, अग्नि पञ्चक - 11:16 से 13:37, शुभ मुहूर्त - 13:37 से 15:56, रज पञ्चक - 15:56 से 18:14, शुभ मुहूर्त - 18:14 से 20:35, चोर पञ्चक - 20:35 से 22:54, शुभ मुहूर्त - 22:54 से 23:11, रोग पञ्चक - 23:11 से 24:58, शुभ मुहूर्त - 24:58 से 26:39, मृत्यु पञ्चक - 26:39 से 28:05, अग्नि पञ्चक - 28:05 से 29:28, शुभ मुहूर्त - 29:28 से 29:44।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन मिला जुला फल देने वाला रहेगा दिन के आरंभ से ही दिनचार्य को व्यवस्थित बनाकर लाभ पाने के लिये कुछ नया करने करने का प्रयास करेंगे।

वृष- आज का दिन भी उतार चढ़ाव वाला रहेगा दिन के आरंभ से मध्यान तक परिस्थितियां हर प्रकार से अवरोध डालने वाली रहेंगी।

मिथुन- आज के दिन भी धैर्य से काम लेने की आवश्यकता है। घर अथवा कार्य क्षेत्र पर पुरानी कमिया उजागर होने पर उथलपुथल होने की संभावना है।

कर्क- आज का दिन आपको किसी न किसी रूप में सम्मान दिलाएगा लेकिन आपकी मानसिकता थोड़ी बदली रहेगी।

सिंह- आज का दिन ठीक ठाक ही रहेगा लेकिन आज आप अपनी ही जिद के कारण किसी संकट में फंस सकते है।

कन्या- आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टिकोण से अच्छा रहेगा दान पुण्य पर खर्च तो करेंगे।

तुला- आज का दिन आपके अनुकल रहेगा किसी भी कार्य मे ज्यादा मशक्कत नही करनी पड़ेगी।

वृश्चिक- आज आपका ध्यान व मध्यान तक का समय अधूरे कार्य समेटने में लगेगा साथ ही यात्रा भी अकस्मात आने से दिनचर्या अस्त व्यस्त बनेगी।

धनु- आज के दिन आपकी सोच ही आपको परेशान करेगी सामर्थ्य से बाहर की चाह रखेंगे पूरी न होने पर दुखी होंगे।

मकर- आज भी बचते बचते किसी से कलह होने की सम्भवना है पुरानी बातों को भूल ध्यान कार्यो पर केंद्रित करें अन्यथा पूरा दिन मानसिक संताप में ही खराब होगा।

कुंभ- आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा आर्थिक रूप से वृद्धि के योग है लेकिन परिवार में भाई बंधुओ से पैतृक कारण अथवा प्रतिष्ठा को लेकर तकरार होने की संभावना है।

मीन- आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा दिन के प्रथम भाग में सुस्ती रहेगी मजबूरी में ही कार्य करेंगे। दोपहर का समय भाग दौड़ में बीतेगा।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

नया सच मार्किट

नया सच मार्किट में , महा हिट बनाया गया है झूठ को झूठ कहना भी , जुर्म बताया गया है न जाने कौन हो गए वे , कथित स्वर्ग से उतरे दैवीय नहीं कुछ और उतरा, बताया गया है स्याह है पथ ठोकरें, मुश्किलें, भटकाव मिलेगा वो सूरज है मसीहा ऐसा जाल बनाया गया है। - **केदारनाथ शब्द मसीहा**

वफा महंगी ही

वफ़ा महंगी ही सही, कुछ तो वफ़ा कर ज़मीर ज़िंदा रख, शुक्र तो अदा कर. धूप भी चल पड़ी निगाहों को मोड़कर समुन्दर उछल रहा लहरों के जोर पर, ओक में अश्क लेकर मुस्कुराहट खरीदी है अंधेरों के बाज़ार से जगमगाहट खरीदी है , कागजों के फूलों से महसूसती शमीम है सब्ज़ा ए एहसास की बह रही नसीम है अब बिकना मुमकिन नही यकीन के नाम पर जिंदगी बिक रही जब सांसों के दाम पर। - **नम्रता सरन सोना**

खास पाती | सुनाओ मोहब्बत का तुम गीत

सुनाओ मोहब्बत का तुम गीत कोई- जहां तक कहोगे वहाँ तक चलें हम जिधर गीत से गा रहीं हैं फिज़ाएं चलो मन फ़ज़ाओं से चन्दन करें हम भरे बादलों मे , रंग नीले--नीले दिये पंख फूलों को, जिसने सजीले यहां प्रेम के जिसने नगमे बिखेरे जरा गीत से उनका वन्दन करें हम। प्रकृति सुन्दरी ! तुम , दो ये दुआएं सजें प्रेंम की मन में मधुर कल्पनाएं चुरा कर के भीगी , पलकों के आंसू - जमाने के कुछ दर्द ,गम, कम करें हम । संवेदनाओं की ,जिधर झील गहरी, ज़िन्दगी मधुर कल्पनाओं पे ठहरी, नव -शबनम की कोई बहती नदी से गीतों की धरती को ज़रा ,नम करें हम! साहिल की राहें हों लहरें बतातीं, पतवार मंजिल के नए गीत गातीं , जिधर ज़िन्दगी प्रीत-पुरवा सी बहती आओ गीत-पुरवा को, नमन करें हम।

- अजय कुमार सिंह भदौरिया

यदा यदा हि मोबाइलस्य ग्लानिर्भवति सिग्नल: आउट ऑफ

यदा यदा हि मोबाइलस्य ग्लानिर्भवति सिग्नल: आउट ऑफ रीच सूचनेन त्वरित जागृत संशया: । विच्छेदितं संपकार्ः कलहं मात्र भविष्यति। तस्मात चार्जिंग एवं रिचार्जिंग, कुर्वंतु तव सत्वरं। मनसोक्तम् चॅटिंगं हास्यविनोदेन टेक्स्टिंगं। सत्वर सत्वर फॉरवर्डिंगं अखंडितं सेवा: प्रार्थयामि।। टच स्क्रीनं नमस्तुभ्यं अंगुलीस्पर्शं क्षमस्वमे। प्रसन्नाय इष्टमित्राणां अहोरात्रं मेसेजम् करिष्ये॥ इति श्री मोबाईल स्तोत्रम् संपूर्णम्? शांति शांति शांतिः ॥शुभम् भवतु॥ रोज सुबह शाम इसका 3 बार जाप करें तो इंटरनेट की सर्विस अखंड बनी रहती है और आपका मोबाईल सदा निरोगी रहता है। **- अजय मिश्र**

हल्की फुल्की सी जिंदगी है,

हल्की फुल्की सी जिंदगी है, बोझ तो उन्हे लगती, जिनकी ख्वाइसे ज्यादा है अपना सब कुछ हो इसे पाने की जुगत में, लोग सब कुछ करने पर, आमादा है.. अपना तो बस शौक ए, अंदाज यही, चरामेति चरामेती, निरंतर चलते रहने का इरादा है। - **अमरजीत सिंह छाबड़ा**

जीवन भंवर में संभालनी पड़ती

जीवन भंवर में संभालनी पड़ती है मन की कश्ती खुरदुरी ज़मीन में नही मिटती ख्वाबों की हस्ती ए नादाँ दिल तेरे दम पे ही तो बसाई है मैंने मन चमन में फूलों और तितलियों की बस्ती। - **'' ज्योत्सना सक्सेना'**

कुछ रिश्ते यूं ही चलते चलते

कुछ रिश्ते यूं ही चलते चलते टकरा जाते हैं और हम उन्हें जन्म जन्मांतर का साथ मान लेते हैं और जब वो रिश्ते सच के धरातल से टकराते हैं तो हाथ छोड़ दूर कहीं मुस्कराते हैं और हम बेवजह उनके लिए अश्क बहाते हैं।

- मीता खुराना

शुक्रिया फेसबुक और आप सब

शुक्रिया फेसबुक और आप सब के सहयोग ने मेरे मुंह मे जुबान दे दी आज मुझे जहां गलत लगता है गलत को गलत कह पाती हूँ जहां जबाब नहीं देती वहां लिहाज आड़े आ जाता है पहले जब नहीं बोल पाती थी तब मेरे हाथ पांव ठंडे हो जाते थे सांसे तेज चलती थीं शरीर निढाल हो जाता था हास्पिटल के चक्कर लगते थे सो अलग मुझे लगता मै अच्छा व्यवहार करती हूं अगला क्यों मुझे वैल्यू नहीं देता खुद को निराश पाती पर अब नहीं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्त)। 1500- पुर्तगाली नाविक पेड्रो अलवेयर कैब्राल ने ब्राजील की खोज की। 1521- फ्रांसीसी सम्राट फ्रेंक्राइस प्रथम ने स्पेन पर आक्रमण की घोषणा की। 1792- अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज वाशंगटन ने यूरोप के युद्द में तटस्थता की घोषणा की। 1870- रूस के माक्सवादी विचारक व्यादीमीर लेलिन का जन्म। 1884- थॉमस स्वीवंस ने दुनिय भर में पहली बाइक यात्रा शुरू की। 1898- अमेरिकी राष्ट्रपति मैककिनले क्यूबा ने बंदरगाहों की नाकाबंदी का आदेश दिया। 1906: यूनान के एथेंस में 10वें ओलंपिक खेलों की शुरुआत हुई। 1915- जर्मनी की सेना ने प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान पहली बार जहरीली गैस क्लोरीन का इस्तेमाल किया। 1921 - नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने इंडियन सिविल सर्विस से इस्तीफा दिया। 1931- मिस्र और इराक ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1954- तत्कालीन सोवियत रूस यूनेस्को में शामिल हुआ। 1958- एडमिरल आर डी कटारी भारतीय नौसेना के पहले प्रमुख बने।

QUIZ TIME

1) झांसी में 1857 के विद्रोह के समय रानी लक्ष्मीबाई का सामना किस अंग्रेज अधिकारी से हुआ?
2) किस मुस्लिम शासक के सिक्कों पर देवी लक्ष्मी की आकृति बनी पाई गई है?
3) भवानी मंदिर नामक पुस्तक की रचना किस क्रान्तिकारी ने की थी?
4) अखिल भारतीय खिलाफत कमेटी के पहले सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की थी?
5) किसकी अध्यक्षता में काँग्रेस पार्टी ने पृथक निर्वाचन पद्धति की व्यवस्था को अस्वीकार कर दिया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जनरल ह्यूरोज (2) मुहम्मद गोरी (3) बारींद्र घोष (4) महात्मा गांधी (5) मदन मोहन मालवीय

प्रेरक प्रसंग - जान लगा दो या जाने दो

मोहित एक Runner था, इसका सपना ओलंपिक में जाना था। वह हर मैराथन में हिस्सा लेता था । लेकिन आज तक कोई भी मैराथन पूरा नहीं कर पाया और इस बात पर उसे बहुत अफसोस था । वह खुद में ही खुद से हारने लगा था, पर उसने अभी तक हार नहीं मानी थी, वह कोशिश पे कोशिश किए जा रहा था। हर साल मोहित मैराथन में हिस्सा लेता था पर उसे पूरा नहीं कर पाता था । वह मैदान मे जाते ही अपने {competitor} प्रतियोगी को देख hopeless हो जाता । उनके सामने खुद से खुद की कमी निकालता, खुद मे वो भरोसा नहीं रख पाता।

लेकिन हर साल की भांति इस साल मैराथन होने में सिर्फ2 महीने ही बचे थे । मोहित ने रोज कसरत और दौड़ लगाना शुरू कर दिया और उसने खुद से वादा किया कि इस बार मैं मैराथन जरूर पूरा करूंगा । इस फैसले के बाद उसने कड़ी मेहनत भी चालू कर दी और रोज कुछ ज्यादा कुछ ज्यादा वह अपनी क्षमता को बढ़ाने लगा। महीनो की मेहनत थीं और वो दिन आ गया जिसका मोहित को बेसब्री से इंतजार था। हां दोस्तों आप सही सोच रहे हैं मैराथन। मोहित मैदान पहुंचा और हर बार की भांति इस बार भी hopeless होने लगा मगर अंदर से आवाज आई मैं कर सकता हूं । आसान है ।

बाकी सब runners के साथ मोहित ने भी दौड़ना शुरू किया , लेकिन कुछ दूर तक दौड़ लगाने के बाद उसके पैरों में दर्द होने लगा और उसे लगा इस बार भी नहीं हो पाएगा, लेकिन खुद को उसने काबू किया और बोला मोहित अगर दौड़ नहीं पा रहे हो तो jogging (धीरे-धीरे चलना) ही कर लो । लेकिन आगे बढ़ो, मोहित में jogging करना शुरू किया मतलब पहले के मुकाबले जरा धीमा हो गया । कुछ आगे बढ़ने के बाद उसके पैरों की नसें भी खींचने लग। मोहित को अब मैराथन पूरा करना नामुमकिन ङ्क सा लगने लगा । मगर अंदर से आवाज आई jogging नहीं कर पा रहे हो तो चलते हुए race पूरा करो । चलते रहो रुको मत मैराथन जरूर पूरा करना है और फिर वह चलने लगा ।

उसकी काफी धीमी गति हो गई थी । सारे runners उससे एक -एक करते आगे निकलते जा रहे थे और मोहित उन्हें आगे निकलते हुए देखने के अलावा कुछ भी नहीं कर पा रहा था । तभी अचानक लड़खड़ा कर वो जमीन पर गिर पड़ा 7 जमीन पर पड़े -पड़े उसके दिमाग में ख्याल आने लगा कि इस बार भी मैं मैराथन पूरा नहीं कर पाया । तभी मोहित के अंदर से आवाज आई, जिसने कहा उठो मोहित चल नहीं पा रहे हो तो लड़खड़ाते हुए Finish Line को पार कर लो। Finish Line अब बहुत सामने है । मोहित लड़खड़ाते हुए आगे बढ़ा और Finish Line को किसी तरह पार कर लिया । और जो खुशी जो (Satisfaction) संतुस्टी उसने महसूस की वो इससे पहले उसने कभी नहीं की थी ।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -041

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए, प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 040 का हल

प	सं	द		सिं	हा	स	न	
ख		म	ज	दू	र		का	म
वा	द	क		र		सं	ब	ल
ड़		ल	ज्जा		म	स्का		य
	बा			वि	हा	र		
सु	धा	क	र		न			औ
रं		म		कि	ता	ब		स
ग		अ	र	सा		हु	ज्ज	त
	श	क्ल		न	मि	त		न

न्यूज गैलरी

रबी वर्ष की समीक्षा बैठक 28 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। रबी वर्ष 2022-23 की प्रगति की समीक्षा तथा खरीफवर्ष 2023 के कार्यक्रम निर्धारण हेतु कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग की संभागीय बैठक 28 अप्रैल को सवेरे 10 बजे से जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग के संभागायुक्त, पंजीयक सहकारी संस्थाएं छ.ग., संचालक कृषि, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, पशुपालन, मछलीपालन, प्रबंधक संचालक, बीज निगम, मार्कफेड, बीज प्रमाणीकरण संस्था, अपेक्स बैंक, जल संसाधन विभाग सहित इंश्योरेंस कंपनियों के प्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के राज्य स्तरीय अधिकारीगण शामिल होंगे।

डेटा प्रविष्टि कार्य 15 दिवस के भीतर करें पूर्ण

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के विधानसभा के आम निर्वाचन 2023 की तैयारियों एवं राज्य शासन के सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की डेटा प्रवष्टि पीपीईएस साफ्टवेयर वर्जन-3.6 में संबंधित विभाग द्वारा 15 दिनों की अवधि में किया जाना है। उप जिला निवार्चन अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया है वे अपने विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की डेटा प्रविष्टि का कार्य सावधानीपूर्वक 15 दिवस के भीतर पूर्ण करें। यदि किसी विभाग को किसी कारण वश प्रतियां प्राप्त नहीं हुई हो तो जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा प्रविष्टि के संबंध में किसी भी प्रकार की तकनीकी कठिनाई के निराकरण हेतु कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से संपर्क कर सकते है। पीपीईएस साफ्टवेयर में प्रविष्टि नहीं किये जाने की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभाग प्रमुख की होगी।

अनुबंध के लिए आवेदन आमंत्रित

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत निजी क्षेत्र के चिकित्सकों द्वारा क्षय रोगियों के निःशुल्क टेस्ट हेतु जिले में संचालित निजी एक्स-रे, रेडियोलॉजी सेन्टरों से अनुबन्ध किया जाना है। मरीजों की जांच उपरान्त सेन्टरों का भुगतान जिला प्रशासन द्वारा किया जायेगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के इच्छुक निजी एक्स-रे एवं रेडियोलॉजी सेन्टर संचालकों से 25 अप्रैल 2023 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जिला क्षय नियंत्रण केन्द्र, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर में जमा किये जा सकते हैं और विस्तृत जानकारी भी प्राप्त कर सकते है।

लव मैरिज के बाद दूसरी लड़की से दोस्ती, गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में लव मैरिज के बाद दूसरी लड़की से दोस्ती कर पत्नी को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वाले पति के खिलाफपुलिस ने केस दर्ज किया है। इससे पहले पुलिस ने 17 साल की इस लड़की को भगाकर ले जाने और रेप करने के केस में समझौता करा दिया था, जिसके बाद युवक ने लव मैरिज कर लिया। फिर बाद में युवक ने दूसरी लड़की से दोस्ती कर ली और अपनी प्रेग्नेंट पत्नी से मारपीट करने लगा, जिससे परेशान होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामला हिर्री थाना क्षेत्र का है। चकरभाठा क्षेत्र में रहने वाली मनीषा साहू की शादी हिर्री क्षेत्र के धौंराभाठा में रहने वाले ललित साहू से हुई थी। महिला ने 12 अप्रैल को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इसकी सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ललित और उसके परिवार वालों पर प्रताड़ना के आरोप लगाए। मनीषा के मायके वालों ने बताया कि ललित और मनीषा एक दूसरे से प्रेम करते थे। इसके कारण दोनों परिवार की सहमति से विवाह हुआ था।

मौत से पहले रो-रोकर की थी फोन

अपनी मौत से पहले मायके वालों को उसने रोते हुए फोन किया था और प्रताड़ना की जानकारी दी थी। परिजन पुलिस के पास गए तो किसी तरह की मदद नहीं मिली। उन्होंने मनीषा के पति, सरपंच और पुलिस को मौत के लिए जिम्मेदार बताया है।

अपहरण व रेप के केस में नहीं की थी कार्रवाई

उन्होंने बताया कि उनकी बेटी नाबालिग थी, तब उसे धौंराभाठा निवासी ललित साहू भगाकर ले गया था। उस समय परिजनों ने थाने में इस घटना की जानकारी दी थी। नाबालिग होने के बाद पुलिस ने इसमें किसी तरह की कार्रवाई नहीं की थी।

एसपी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

परिजन शिकायत लेकर चक्कर काट रहे थे। उन्होंने बुधवार को आम आदमी पार्टी की पूर्व प्रवक्ता प्रियंका शुक्ला के साथ एसपी संतोष कुमार से मुलाकात की थी। तब एसपी ने उन्हें इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया था। गुरुवार को एसपी के निर्देश के बाद हिर्री पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफधारा 306 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को मिला नया अंचल प्रमुख

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्री बी पी दास ने यूनियन बैंक ऑफइंडिया के नए अंचल प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। 500 शाखाओं और 600 से अधिक एटीएम के साथ यूनियन बैंक ऑफइंडिया मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कार्यरत है। श्री दास ने हमें बताया कि हम यूनियन बैंक ऑफइंडिया के माध्यम से ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भोपाल अंचल में अपने पहले दिन की शुरुआत बैंक परिसर में पौधारोपण कर किया और बताया कि हर व्यक्ति को हर महीने किसी भी स्थान पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।

मानक अधिनियम का उल्लंघन, कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 (2)(ए) का उल्लंघन करने पर वैष्णव मिष्ठान्न भंडार मुंगेली के विक्रेता संजय वैष्णव और विनिर्माता संतोष वैष्णव पर 05 लाख रूपए का अर्थदण्ड लगाया गया है। कलेक्टर राहुल देव के निर्देश पर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी तीर्थराज अग्रवाल ने वैष्णव मिष्ठान्न भंडार को अवमानक खाद्य पदार्थ के विक्रय का दोषी मानते हुए अधिनियम की धारा 51, 52 के तहत यह कार्यवाही की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमति पुष्पा तिरकी ने बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा विगत दिनों वैष्णव मिष्ठान्न भंडार का निरीक्षण किया गया और वहां विक्रय की जा रही खाद्य सामग्री की जानकारी ली गई। जहां खुला खोवा विक्रय किया जा रहा था। अधिनियम के तहत खाद्य अनुज्ञप्ति पत्र मांगे जाने पर खाद्य पंजीयन की वैधता समाप्त होना पाया गया। जिस पर टीम द्वारा खुला खोवा की जांच हेतु नमूना लेकर उनके सहमति से फार्म-5 ए का सूचना पत्र तैयार कर संचालक को एक प्रति देकर दूसरे प्रति में पावती लिया गया। घटना स्थल की सम्पूर्ण कार्यवाही का मौके पर पंचनामा तैयार किया गया। खाद्य टीम द्वारा लिए गए नमूने के एक भाग को भाग को फार्म-6 की एक प्रति रखकर सील बंद पैकेट तैयार किया गया एवं प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। नमूने के शेष भाग को फार्म-6 की एक प्रति के साथ सील बंद पैकेट तैयार कर अभिहीत अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन मुंगेली के कार्यालय में जमा कराया गया।

मुख्यमंत्री ने किया छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ

- बिलासपुर की सभी 483 ग्राम पंचायतों सहित राज्य में योजना आज से लागू
- अब ग्रामीण क्षेत्रों के तीज-त्यौहारों की संस्कृति एवं परंपरा का होगा संरक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर की 483 ग्राम पंचायतों सहित राज्य में छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना का आज शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, कलेक्टर सौरभ कुमार सहित चारों जनपदों से बड़ी संख्या में लोग वर्चुअली शुभारंभ समारोह में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री बघेल ने योजना के शुभारंभ अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में यहां की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का काम अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य में तीजा, हरेली, भक्तिन महतारी कर्मा जयंती, मां शाकंभरी जयंती (छेरछेरा), छठ और विश्व आदिवासी दिवस जैसे पर्वो पर सार्वजनिक अवकाश दिया जा रहा है राज्य शासन की यह भावना है कि तीज-त्यौहारों के माध्यम से नयी पीढ़ी अपने पारंपरिक मूल्यों से संस्कारित हो और अपनी संस्कृति पर गौरव का अनुभव करे। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव, युवा महोत्सव, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक, बासी-तिहार जैसे आयोजनों के पीछे भी हमारा यही उद्देश्य है। लोक-संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से ही देवगुड़ियाँ और घोटुलों के विकास का काम भी किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सामुदायिक विकासखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों के तीज त्यौहार, संस्कृति एवं परंपरा को संरक्षित करने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि' योजना प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री द्वारा आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के गैर-अनुसूचित ग्रामीण क्षेत्रों के तीज-त्यौहारों की संस्कृति एवं परंपरा को संरक्षित करना और इन त्यौहारों, उत्सवों का मूल स्वरूप में आगामी पीढ़ी को हस्तांतरण तथा सांस्कृतिक परंपराओं का अभिलेखन करना है। सामुदायिक क्षेत्रों के गांवों में स्थानीय उत्सवों, त्यौहारों, मेला-मड़ई का विशेष महत्व रहता है। ऐसे सभी उत्सवों, त्यौहारों, सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत को राशि उपलब्ध करायी जाएगी। योजना की ईकाई ग्राम पंचायत होगी। जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में यह योजना लागू होगी। ग्राम पंचायत को दो किश्तों में 10-10 हजार रूपए दिए जाएंगे। योजना के क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत स्तरीय शासी निकाय समिति का गठन किया जाएगा। इसमें सरपंच (अध्यक्ष), पुजारी, बैगा सदस्य, ग्राम के 02 बुजुर्ग सदस्य, ग्राम की दो महिला सदस्य, ग्राम कोटवार, पटेल सदस्य एवं ग्राम सचिव को शामिल किया गया है।

योजना के क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत स्तरीय शासी निकाय समिति के सदस्यों को मार्गदर्शन जनपद पंचायत स्तर से दिया जाएगा, जिससे राशि का समुचित उपयोग किया जा सके। गांव के किस-किस तीज त्यौहार के लिए इस राशि का उपयोग किया जायेगा, इसका निर्धारण ग्राम पंचायत स्तरीय शासी निकाय समिति द्वारा किया जाएगा। इस योजना के क्रियान्वयन की निगरानी, समन्वय संबंधी कार्य जनपद स्तरीय शासी निकाय द्वारा किया जाएगा।

किसानों को क्रेडिट कार्ड बनवाने असुविधा नहीं होनी चाहिए

- कलेक्टर ने सेवा सहकारी समिति और मतदान केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने जिला मुख्यालय के दाउपारा में सेवा सहकारी समिति और स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मतदान केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सेवा सहकारी समिति में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत ऋण वितरण की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी ली और कहा कि किसानों को क्रेडिट कार्ड बनवाने के दौरान किसी भी प्रकार से असुविधा नहीं होनी चाहिए। किसानों को पात्रतानुसार ऋण उपलब्ध कराएं। उन्होंने वहां गोदाम में भंडारित रासायनिक उर्वरकों यूरिया, डीएपी, सुपरफास्फेट और वर्मी कम्पोस्ट खाद का अवलोकन किया तथा पीओएस मशीन में एण्ट्री की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

इसके पश्चात कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में आगामी समय में निर्वाचन हेतु मतदान केन्द्र का भौतिक सत्यापन किया और अधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा दिए गए गाइडलाइन को स्पष्ट रूप से अनुसरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्र में मूलभूत सुविधा बिजली, पेयजल, शौचालय, रैम्प, व्हील चेयर इत्यादि को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मतदान के दौरान मतदाताओं को असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मतदान केन्द्र में कुल मतदाता, नवीन मतदाता का नाम सूची में जोड़ने, ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई है या बाहर चले गए हैं, उनका नाम मतदाता सूची से हटाने की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, मुंगेली एसडीएम आकांक्षा शिक्षा खलखो सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

अनुपस्थित चिकित्सकों व कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव, अतिरिक्त दण्डाधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अनुविभागीय राजस्व आकांक्षा खलखो के द्वारा जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण, ओटी विभाग एवं ओपीडी विभाग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी विभाग के चिकित्सक एवं अन्य तृतीय, चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी अनुपस्थित रहे। कलेक्टर के द्वारा अनुपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया।

कलेक्टर द्वारा निरीक्षण के पश्चात आकस्मिक समीक्षा बैठक दोपहर 2 बजे से निरन्तर शाम 6 बजे तक समस्त चिकित्सा विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी, तृतीय वर्ग, चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में चिकित्सकीय गतिविधियों का विस्तृत एवं गहन चर्चा किया गया। कलेक्टर के द्वारा समस्त विषयों पर

गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए उचित मार्गदर्शन दिया गया तथा समस्त अधिकारी कर्मचारी को निर्देश दिया गया। आप शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा में उपस्थित होकर अपनी सेवायें देवे तथा निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करें तथा प्राप्त कमियों को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया है। कलेक्टर राहुल देव, अतिरिक्तदण्डाधिकारी तीर्थराज अग्रवाल, अनुविभागीय राजस्व आकांक्षा खलखो, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार पैकरा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, डॉ. एमके राय, डीपीएम गिरीश कुर्रे, पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. केएस कंवर, कैशियर हिन्छा राम साहू के उपस्थिति में बैठक आयोजित किया गया।

'छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना' का शुभारम्भ

- जिले के 370 ग्राम पंचायतों में योजना की हुई शुरूआत

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय रायपुर में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में राज्य के गैर अनुसूचित क्षेत्रों के लिए 'मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि' योजना का शुभारंभ किया। जिसके तहत जिले के 370 ग्राम पंचायतों में भी योजना की शुरूआत हो गई है।इस अवसर पर कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजूपत, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की सदस्य सुश्री रत्नावली कौशल, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण कर्मकार मंडल की सदस्य अम्बालिका साहू, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के उपसंचालक, शिक्षा विभाग तथा कृषि विभाग के अधिकारी जिला कलेक्टोरेट एनआईसी कक्ष से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। 'मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि' योजना के तहत सामुदायिक क्षेत्रों के ग्रामों में स्थानीय तीज त्यौहार, संस्कृति एवं परंपरा को संरक्षित करने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत को दो किश्तों में कुल 10 हजार रूपए जारी किए जाएंगे। इस योजना का उद्देश्य गैर-अनुसूचित ग्रामीण क्षेत्रों के तीज-त्यौहारों की संस्कृति एवं परंपरा को संरक्षित करना और इन त्यौहारों, उत्सवों का मूल स्वरूप में आगामी पीढ़ी को हस्तांतरण तथा सांस्कृतिक परंपराओं का अभिलेखन करना है। ग्राम पंचायतों में एक से अधिक गांव/मोहल्ला/टोला स्थित है, किन्तु योजना के क्रियान्वयन हेतु ग्राम पंचायत स्तरीय शासी निकाय समिति का गठन जाएगा। समिति में ग्राम के सरपंच अध्यक्ष, पुजारी/बैगा सदस्य, ग्राम के 02 बुजुर्ग सदस्य, ग्राम के दो महिला सदस्य, ग्राम कोटवार/पटेल सदस्य एवं सचिव ग्राम पंचायत सदस्य/सचिव के रूप में शामिल होंगे। जनपद स्तरीय शासी निकाय में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सदस्य/सचिव, जनपद पंचायत के अध्यक्ष-सदस्य, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जिले में उक्त योजना के क्रियान्वयन की निगरानी एवं समन्वय हेतु उत्तरदायी होंगे।

स्कूल को कक्षा आठवी तक उन्नयन करने की मांग

- कलेक्टर ने विभिन्न ग्रामों का किया सघन दौरा

मुंगेली/नवप्रदेश। शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानने कलेक्टर राहुल देव ने मुंगेली विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों का सघन दौरा किया। उन्होंने ग्राम खैरवार (बै.) के शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया और जर्जर स्कूल भवन के मरम्मत की जानकारी ली। उन्होंने वहां शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की संख्या और पढ़ाई गतिविधि के संबंध में भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। वहीं कक्षा दूसरी की छात्रा की आंख संबंधी समस्या देखकर कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में ईलाज कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वहां बच्चों के लिए तैयार किए जा रहे मध्यान्ह भोजन का भी निरीक्षण किया और भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीण तुकाराम ने ग्राम के स्कूल को कक्षा पांचवीं से उन्नयन करते हुए कक्षा आठवीं तक करने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने शासन को प्रस्ताव भेजने की बात कही।

कलेक्टर ने ग्राम लालाकापा में होमगार्ड लाईन कार्यालय डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट में फायर, बाढ़ एवं आपदा से निपटने आवश्यक सामग्रियों का निरीक्षण किया। जिसमें सभी सामग्री सही पाए गए। उन्होंने वहां लाईफसेविंग हेतु प्राप्त नवीन सामग्री, स्ट्रेचर, कटर आदि की उपयोगिता के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने वहां होमगार्ड के जवानों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनी और कार्यालय के ग्राउण्ड को हरा-भरा बनाने सजावटी पौधा लगाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोसमा में स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्मार्ट क्लास के व्यवस्थित नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि स्मार्ट क्लास का स्वरूप आकर्षक व बच्चों के रूचि के अनुसार होनी चाहिए।

कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड शिविर का किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम धरमपुरा के ग्राम पंचायत भवन में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां कम्प्यूटर में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान कार्ड का उद्देश्य गरीब एवं असहाय परिवारों के बीमारियों पर होने वाले खर्च के आर्थिक बोझ को कम करना एवं गुणवत्तापूर्वक ईलाज समय पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने वहां उपस्थित ग्रामीणों से भी चर्चा की और उन्हें आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित किया।

बाइक सवार ने सोशल आडिटर को पीछे से मारी टक्कर, घायल

मुंगेली/नवप्रदेश। तेज रफ्तार मोटर साइकिल सवार युवक ने जिला पंचायत कार्यालय के मनरेगा शाखा में कार्यरत सोशल आडिटर को मोटर सायकल से घर जाते समय पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। दुर्घटना से मनरेगाकर्मी जमीन मे गिर गया। दुर्घटना से उसे दाहिने तरफ चेहरे, सिर, बाये पैर एवं दाहिने कलाई में चोट लगा। प्रार्थी की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

ग्राम हथनीकला निवासी गोपेश ठाकुर जिला पंचायत कार्यालय के मनरेगा शाखा मे सोशल आडिट का कार्य करता है। 19 अप्रैल को अपने मोटर सायकल एचएफडिलक्स क्रमांक सीजी 28 1354 से मुंगेली घरेलु कार्य से आया था। मुंगेली से वापस हथनीकला जा रहा था तकरीबन रात्रि 7.30 बजे सत्या मोटर्स शोरूम बिलासपुर रोड के आगे धान मिल के पास पहुचा था कि पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 एन 1055 के चालक के द्वारा अपनी मोटर सायकल को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये लाकर उसके मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसमे वे जमीन मे गिर गया। दुर्घटना से उसके दाहिने तरफ चेहरे, सिर, बाये पैर एवं दाहिने कलाई मे चोट लगा। आसपास के लोगो द्वारा उसे उठा कर बैठाया गया। एक्सीडेंट करने वाले मोटर सायकल के चालक भाग रहा था। तब आसपास के लोगो द्वारा एक्सीडेंट करने वाले मोटर सायकल का उसके मोबाईल से फोटो खीचा गया है। घायल युवक ने ग्राम के दोस्त विक्रम ठाकुर को फोन कर घटना के बारे मे बताया। तब विक्रम ठाकुर, युवक के पिता दिनेश ठाकुर एवं भाई तामसिंह ठाकुर को लेकर आया। दुर्घटना में घायल युवक अपने भाई, पिताजी के साथ सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस ने धारा 279, 337 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

एसईसीएल बिलासपुर में कोल इण्डिया कल्याण मण्डल की बैठक आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोल इण्डिया लिमिटेड, कल्याण मण्डल की 52 वीं बैठक का आयोजन एसईसीएल, बिलासपुर द्वारा किया गया। उपरोक्त बैठक का आयोजन विनय रंजन, निदेशक (कार्मिक), कोल इण्डिया लिमिटेड की अध्यक्षता में किया गया। कल्याण मण्डल की बैठक में एस के गोमस्ता सीएमपीडीआईएल, एच एन मिश्र सीसीएल, आहुति स्वाईन ईसीएल, मनीष कुमार एनसीएल, एम के रामाइया बीसीसीएल एवम् देबाशीष आचार्य एसईसीएल के निदेशक (कार्मिक) उपस्थित रहे, वहीं श्रमसंघ की ओर से टिकेश्वर सिंह राठौर (बीएमएस), एस पी बेहेरा (एचएमएस), अशोक यादव (एटक) और पी एस पांडेय (सीटू) उपस्थित रहे।

बैठक की शुरूआत गत वर्ष अगस्त में डब्ल्यूसीएल नागपुर में आयोजित 51वीं वेलफेयर बोर्ड की मीटिंग के कार्यवृत्त की स्वीकृति के साथ हुई। वहीं कोलइण्डिया के विभिन्न अनुषंगी कम्पनियों में स्पोर्ट्स अकादमी सहित विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों के कार्यान्वयन पर चर्चा की गयी। चर्चा में आए बिन्दुओं में कर्मियों के आवास के रख-रखाव, मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा की सुविधाएँ, केन्टिन, क्रेच, रेस्ट सेल्टर, खेलकूद के आयोजन आदि बिन्दुओं पर पावर प्वाईंट प्रेजेन्टेशन के जरिए प्रस्तुति दी गयी।

अपने अभिभाषण में कोलइण्डिया लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक/औसं) ने कहा कि कार्यबल को उत्तम सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु प्रबंधन पूर्णतया प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कोलइण्डिया की 52वीं वेलफेयर बोर्ड की बैठक में अन्य कई कल्याणकारी गतिविधियों पर निर्णय लिया गया और चालू प्रावधानों को और बेहतर बनाने की दिशा में भी चर्चा हुई ।

बैठक में उपरोक्त के साथ ही कोल इण्डिया मुख्यालय से रेनु चतुर्वेदी उप महाप्रबंधक (सीएसआर) / महा सचिव (सिस्पा CISPA), गौतम बनर्जी (तकनीकी सचिव निदेशक कार्मिक), एच एस मिश्रा, महाप्रबंधक (कल्याण), मूल चन्द्र सिंह, प्रबंधक (कल्याण) उपस्थित रहे।

प्रबंधन की ओर से एमसीएल से विजयंत कुमार महाप्रबन्धक (कल्याण), एम आर पुजारी मुख्य प्रबन्धक (कार्मिक/कल्याण), डब्लूसीएल से अजय नाथ वर्मा उप महाप्रबंधक (कार्मिक), एससीसीएल से के बसवैया महाप्रबंधक (कार्मिक), बी गड्डस्वामी प्रबंधक (कार्मिक) उपस्थित रहे, वहीं एसईसीएल कल्याण विभाग से रत्नेश श्रीवास्तव महाप्रबंधक (कल्याण) उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

कांग्रेस किसानों के जीवन में खुशहाली लाने तत्पर : रामपुकार

पत्थलगांव/नवप्रदेश। क्षेत्रीय विधायक मान रामपुकार सिंह द्वारा अनुसंशा पर स्वीकृत हुए आरसीसी पुलिया निर्माण ग्राम पंचायत कोकियाखार 31लाख 40हजार,ग्राम पंचायत रोकबहार 22 लाख 86 हजार, ग्राम बनगांव 15 लाख 54 हजार के कुल मिलाकर लगभग 70 लाख रुपए के पुलिया निर्माण कार्यों का दिन गुरुवार को ग्राम पंचायत कोकियाखार में भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में कर्मा नृत्य और बाजे गाजे के साथ अतिथियों का भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर स्वागत उद्बोधन मुरली यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उद्बोधन की शुरुआत कृषि उपज मंडी समिति अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, सुश्री रत्ना पैंकरा,जनपद अध्यक्ष सुकृत सिंह सिदार ने छग शासन द्वारा कृषि के क्षेत्र पर प्रदेश भर में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति सलाहकार परिषद प्रोटेम स्पीकर,कैबिनेट मंत्री दर्जा छग विधायक रामपुकार सिंह ने अपने उद्बोधन में शासन की अनेकों योजनाओं और उपलब्धियों को बताते हुए कहा की छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार लगातार किसानों के प्रति तत्पर है। आने वाले समय में किसानों के जीवन में खुशहाली लाने अनेकों कार्य किए जाएंगे। एवं सरकार द्वारा किसानों के हित को सर्वोपरि रखा जाएगा। उन्होंने कहा सरकार इस वर्ष से 2800 रुपए प्रति क्विंटल के दर से किसानों के धन की खरीदी करेगी।प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी करने की बात कही। एवं सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का विस्तार से व्याख्यान किया।

कलेक्टर ने हितग्राही को राशन कार्ड सौंपा

सारंगढ़ बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट में गुलापी खर्रा का अन्त्योदय राशन कार्ड प्रदान की। बावाकुटी सारंगढ़ निवासी नेत्र से दिव्यांग गोवर्धन खर्रा और बहन गुलापी खर्रा सुबह कलेक्टर कार्यालय अन्त्योदय राशन कार्ड बनवाने आए थे। गुलापी खर्रा का पहले एपीएल राशन कार्ड था, अब अन्त्योदय राशन बन गया है। दिव्यांग गोवर्धन खर्रा का पूर्व में अन्त्योदय राशन कार्ड बन चुका है। राज्य शासन द्वारा अन्त्योदय राशन कार्ड से निःशुल्क 35 किलो चावल प्रदान किया जाता है। राज्य शासन की पीडीएस सुविधा से राज्य भर के दूरदराज इलाकों तक के सभी नागरिकों को जीने के लिए बुनियादी जरूरत जैसे चावल को रियायती दर पर और निःशुल्क प्रदान की जा रही है।

हिंदू संगठन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कांकेर/नवप्रदेश। विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल कांकेर एवं व्यापारी बंधुओ द्वारा जिला कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला को ज्ञापन सौंपते हुए यह जानकारी दिया गया की नगर पालिका परिषद के द्वारा मुख्य मार्ग की दुकानों के पीछे सुलभ शौचालय निर्माण किए जाने हेतु ले आउट किया गया हैं। उक्त स्थल के नजदीक रियासतकालीन समय से हिंदू विवाह में संपन्न किए जाने वाली रश्म तेलमाटी चुलमाटी संपन्न की जाती आ रही हैं जो की धार्मिक परिपेक्ष्य में हिंदुओं की भावनाओं को आहत करनें वाला हैं इसके अलावा विश्व हिन्दू परिषद् बजरंगदल व्यापारीगण एवं हिंदू समाज इसके पक्ष में नहीं हैं उक्त किए गए सीमांकन विरोध में पत्र के माध्यम से व्यापारीगण एवं हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल कांकेर अपनी आपत्ति दर्ज करतें हुये इस निर्माण कार्य को रोक लगा कर दूसरे स्थान में निर्माण कराने के लिए कलेक्टर को इस विषय में ज्ञापन सौंप कर आग्रह किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री अखिलेश चंद्रोल, विभाग सहसंयोजक अखिलेश मिश्रा, एवं नगर के व्यापारी गण उपस्थित थे।

गड्ढे में गिरने से ग्रामीण की गई जान

जगदलपुर/तोकापाल। जिला बस्तर विकास खण्ड तोकापाल के ग्राम पंचायत छापर भानपुरी में संचालित बली नांगवशी के क्रेशर प्लांट में पत्थर ब्लास्टिंग गहरा गढ्ढा में गिरकर एक ग्रामवासी कोषा मण्डावी की जान गई। ग्रामवासियों के द्वारा इस दुर्घटना के पूर्व ग्राम सभा बैठक रख कर इंसान व जीव जन्तुओं को कोई भी नुकसान ना हो करके खदान मालिक के साथ चर्चा हुआ और 20 बिंदुओ पर ग्राम सभा व खदान संचालकों के बिच सहमति प्रस्ताव पारित कर, क्रेशर ब्लास्टिंग खदान गढ्ढा किनारे सुरक्षा फेंसिंग, तार जाली लगाने की बात हुई थी। एवं इसकी लिखित सूचना शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी को भी दिया गया था।

माता गंगादई की नवनिर्मित मंदिर का विधायक ने किया लोकार्पण

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर विधायक बविप्रा अध्यक्ष लखेश्वर बघेल ने माता गंगादई की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की. बडे देवड़ा के आश्रित ग्राम सौतपुर पहुंचकर माता गंगादई की नवनिर्माण मंदिर का लोकार्पण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ इसी संदर्भ में सभी ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें ग्राम बडेदेवड़ा पहुंचने के उपरांत ग्रामीणजन द्वारा मुख्यचौक पर क्षेत्रीय विधायक बघेल का भव्य स्वागत किया गया ततपश्चात् कार्यक्रम स्थल पहुंचकर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर धन्यवाद ज्ञापित किया .बालीदेवी उत्सव का लोकार्पण किया गया.

सांस्कृति मंच निर्माण कार्य का लोकार्पण बघेल द्वारा किया गया. सार्वजनिक बाली पर्व बडेदेवड़ा में शामिल होकर क्षेत्र के लोगों के लिए सुख समृद्धि की कामना करते हुए गांव खुशहाली की प्रार्थना की. 90 दिनों तक चलने वाली यह बाली मेला के उच्च कार्य हेतु तीन लाख रूपये की स्वीकृत दी है ताकि इतने दिनों तक अच्छे कार्य एवं गांव की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना कर रहे सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनायें. जिसमें मौजूद रहे दिनेश यदु, गोपाल कश्यप, धनुरजय कश्यप,बिगनेश्वर कश्यप, सोनाधर,तुलाराम बघेल, राजेश कुमार, जितेद्र तिवारी,शोभाराम भारती, मगरू, लखमू, सेतलाल, मयकु राम, गजाधर सेठिया,, दिनेश सेठिया, नरसिंह, कार्तिक, रुपसिंह, विक्रम, मोतीराम,किशन, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

होमलाइट घोटाले की जल्द जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करें : राणा

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के अति संवेदनशील क्षेत्र डोडी तुमनार में 78 लाख की लागत से होम लाइट लगाने के नाम पर घोटाला उजागर होने के बाद अब प्रशासन भी हरकत में आया है। जिला पंचायत सीईओ रवि साहू द्वारा इस मामले की जांच हेतु एडीओ के तत्वाधान में जांच कमिटी का गठन किया गया है। वहीं इस मामले में जल्द जांच कर दोषी अधिकारियों पर त्वरित कार्रवाई हेतु अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं बीजापुर वार्ड 1 से पार्षद नंद किशोर राणा ने शुक्रवार को सीईओ रवि साहू से मिलकर उन्हें लिखित ज्ञापन सौंपा है।

मामले में नंद किशोर राणा ने एक बार फिर क्षेत्रीय विधायक, अधिकारी और कर्मचारियों को घेरते हुए कहा है कि प्रशासन के नाक के नीचे इतना बड़ा घोटाला कर दिया जाता है, जो जिले में चल रहे भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा को बताता है। इस घोटाले में कॉंग्रेस के नेता स्वयं विधायक की संलिप्तता बता रहे हैं। जो कि अत्यंत चिंतनीय बात है। कॉंग्रेस का राज आते ही भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा में पहुँच चुका है। विधायक महोदय भी क्षेत्र की समस्याओं को नजरअंदाज कर अधिकारियों के साथ कागजों में काम कराकर पैसों का बंदरबांट करने में लगे हैं। प्रशासन जल्द जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करें।

क्या है पूरा मामला

बीते वित्त वर्ष में जिले के अति संवेदनशील क्षेत्र डोडी तुमनार में 78 लाख की लागत से गांव को अंधेरे से रोशन करने के लिए होम लाइट लगाया गया था। किंतु आरोप ये लग रहे हैं कि पूरा काम केवल कागजों में हुआ है। गांव में प्रशासन की एक लाइट भी नहीं पहुँच पाई है। मामला उजागर होने पर अब प्रशासन की नींद उखड़ गयी है। जिला पंचायत द्वारा दबाव बढ़ता देख जांच दल तो बना दिया गया है। लेकिन घोटाले के लग रहे आरोपों पर फिलहाल कोई जांच अभी तक नहीं कि गई है। बताया जा रहा है कि मामला पिछले वित्त वर्ष का जिसका भुगतान भी प्रशासन द्वारा कर दिया गया है। पूरा मामला 1 करोड़ 34 लाख का है।

कॉंग्रेस के नेता ही घेर रहे हैं विधायक को

कुछ दिनों पूर्व ही कांग्रेस नेता अजय सिंह ने भी डोडी तुमनार मामले में क्षेत्रीय विधायक की संलिप्तता में होम लाइट के नाम पर कागजों में काम कर अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा 78 लाख गबन करने का आरोप लगाया था। वहीं भाजपा नेताओं ने इस पूरे मामले में भ्रस्टाचार का आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द जांच की मांग की है।

सांसद साय ने समस्याओं को जल्द सुलझाने के दिए निर्देश

सारंगढ़/नवप्रदेश। सांसद गोमती साय ने सारंगढ़ का सघन दौरा किया । उन्होंने दोपहर 2:00 स्थानीय विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात किया तथा जन समस्याओं के विषय में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दोपहर 3:00 बजे सांसद साय दानसरा में पूर्व विधायक शमशेर सिंह के 70 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई तथा पूर्व विधायक को शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम वासियों से भी मुलाकात की। सांसद साय दोपहर 4:00 पूर्व जनपद अध्यक्ष संजय पांडे के निवास पहुंची तथा उपनयन संस्कार के अवसर पर उनके सुपुत्रों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा परिवार जनों से मुलाकात की इसके पश्चात वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भरत गुप्ता के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके निवास गई तथा परिवार को ढांढस बंधाया । जनसंपर्क के अंतिम कड़ी में साय पूर्व भाजपा कोषाध्यक्ष श्यामा केड़िया के निवास पर पहुंची तथा उनकी धर्मपत्नी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिवार को ढाढस बंधाया । गोमती साय के साथ दौरे में जिला भाजपा अध्यक्ष सुभाष जालान, पूर्व विधायक केराबाई, पूर्व विधायक कामदा जोलहे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजेश अग्रवाल पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अमित अग्रवाल भाजपा उपाध्यक्ष ज्योति पटेल, सारंगढ़ नगर मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सोनू छाबड़ा, भाजपा प्रवक्ता अरविंद हरिप्रिय वरिष्ठ भाजपा नेता जगन्नाथ केसरवानी भुवन मिश्रा कुलकित चंद्रा मयूरेश केसरवानी गणेश महाजन सतीश शर्मा, शिवम चंद्रा उपस्थित रहे ।

सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के कार्य समयावधि में पूर्ण करें : कलेक्टर

कोरबा/नवप्रदेश। सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 महत्वपूर्ण कार्य है। सर्वेक्षण के आधार पर ही ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसे गंभीरता से लेते हुए निश्चित समयावधि में पूर्ण करें। उक्त निर्देश कलेक्टर संजीव कुमार झा ने मंगलवार को आयोजित समय-सीमा की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अभियंता पीएचई को निर्देश दिए कि ग्रीष्म काल को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। जल-जीवन मिशन के कार्य से अधिकतम लोगों को लाभान्वित करें।

31 जुलाई तक नलकूप खनन प्रतिबंधित

सारंगढ़ बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सारंगढ़ बिलाईगढ़ संपूर्ण जिला को आगामी 31 जुलाई 2023 तक जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है।

छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक 3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कलेक्टर ने यह आदेश जारी किया है। उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में उपरोक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानमुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा, लेकिन शासकीय एजेंसी जैसे-लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले में तथा नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराये गये नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा। जिले के सभी नागरिकों को अपने नगर अथवा ग्रामीण क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से विधिवत अनुमति की आवश्यकता होगी।

डॉमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर का निशुल्क प्रशिक्षण

नगरी। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत अल्सम इन्फोटेक कॉलेज नगरी डिस्ट्रिक्ट धमतरी में डॉमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है इसके लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बलरामपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

पत्र क्रमांक / 773 / व.ले.लि. / 2023 — बलरामपुर, दिनांक 10/04/2023

निविदा निरस्तीकरण आदेश

निविदा सूचना क्रमांक 09/वले.लि./2022-23 दिनांक 06.03.2023 निविदा सिस्टम कमांक 126675 (द्वितीय आमंत्रण) **सरईडीह जलाशय योजना के नहर निर्माण कार्य राशि रूपये 353.20 लाख** में निविदा के द्वितीय आमंत्रण में निविदाकारों की भागीदारी शून्य हाने के कारण कोई निविदाकार प्राप्त नही होने के फलस्वरूप निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्रमांक G-99184/4

जी-00402/7

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बलरामपुर
जिला- बलरामपुर-रामानुजगंज

विशेषज्ञ चिकित्सक देंगे फ्री सेवा कैंसर मरीजों की करेंगे पहचान

बीजापुर/नवप्रदेश। बस्तर जैसे दूर-दराज इलाको में कैंसर मरीजों को चिन्हित करने के साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने बीजापुर में पहली बार 22 अप्रैल को मेगा हेल्थ का आयोजन किया जाएगा, सुषमा विंग्स और बस्तर चेम्बर ऑफ कैंसर के संयुक्त तत्वावधान में कैम्प लगेगा, जिसमें राजधानी रायपुर से लेकर सम्भाग मुख्यालय के विशेषज्ञ चिकित्सक निःशुल्क सेवा देंगे। बीजापुर में यह पहली बार है, जब नक्सल प्रभावित इस इलाके बड़े स्तर पर मेडिकल कैम्प का आयोजन हो रहा है। कैम्प को आरोग्यम का नाम दिया गया है। सुषमा विंग्स की अध्यक्ष शशि गुप्ता ने बताया कि सुषमा विंग्स एक पंजीकृत संस्था है, जो 2017 से निःशुल्क हेल्थ कैम्प के जरिये कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है। बस्तर में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं।

50 युवकों ने किया में भाजपा में प्रवेश

नगरी। भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति से प्रभावित होकर सिहावा विधानसभा के सम्मेलन केकती सेंटर दुगली में कुकरेल मंडल के ग्राम दुगली से अरुण नेताम, बृजभान नेताम, कोमल मरकाम, परमानंद यादव, मंशाराम मरकाम, कुंदन नेताम, भीखम मरकाम, विष्णु मरकाम, नंदलाल नेताम, लेखनसाय मंडावी एवं बेलरगांव मंडल से लूनकरण साहू, रामरतन मंडावी, महेंद्र कश्यप, जयलाल दुग्गा, जनीराम मरकाम सहित 50 युवकों ने भाजपा प्रवेश किया। कार्यक्रम के अतिथि सांसद मा. मोहन मंडावी, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, विधानसभा प्रभारी बस्तर महाराजा कमल चंद्र भंजदेव, जिला प्रभारी नीलू शर्मा, जिला सह प्रभारी हलधर साहू आदि उपस्थित थे।

कार्यालय नगर पंचायत-नगरी, जिला- धमतरी (छ.ग.)
Phone/Fax No.07700-251887
Email-cmonagri84@gmail.com
क्र./91/ न.पं./राजस्व/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति शमशाद पिता स्व. अब्दुल जब्बार खान जाति मुसलमान नगर पंचायत नगरी रानी दुर्गावती वार्ड क्र. 06 जिला धमतरी (छ.ग.) का निवासी है। उनके द्वारा नगर पंचायत क्षेत्रांर्गत रानी दुर्गावती वार्ड क्र. 06 स्थित प.ह.न 23 आबादी भूमि मकाम, मलमा काबिजदार अब्दूल जब्बार पिता नवाब खान का नाम निकाय के कर संग्रहण पंजी में दर्ज है। वह अपने पति के निधन उपरान्त निकाय के कर संग्रहण पंजी से अपने पति का नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज करने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के बाबत् यदि उक्त काबिज मकान, मलमा पर किसी भी व्यक्ति / संस्था का हित बद्ध हो, तो संबंधित हितबद्ध पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 20/05/2023 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 26/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

सील — मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत नगरी

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)
पता :- पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, कक्ष क. 18, कलेक्टोरेट के सामने, Phone No. 07752-250593, Email ID - eebil-phe-cg@gov.in

:: ई प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा सूचना ::

क्रमांक	निविदा सिस्टम क्रमांक	निविदा क्रमांक दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. लाख में)
1	131091	01/निविदा प्रकोष्ट/दिनांक 18.04.2023	बिलासपुर जिले के विकासखण्ड बिल्हा के ग्राम गतौरी में (DMFT मद अंतर्गत) नल जल प्रदाय योजनांतर्गत 90 से 140 मिमी. व्यास 6 kg sqem प्रेशर के UPVC पाईप स्पेशल सहित प्रदाय कर जोड़ने, बिछाने, इन्टरकनेक्शन टेस्टिंग एवं 3 माह तक ट्रायल रन संचालन एवं संधारण का कार्य।	39.06 लाख	10.30 लाख

ऑनलाईन निविदा की अन्य विवरण एवं विस्तृत जानकारी छ.ग. शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https:\\eproc.cgstate.gov.in दिनांक 23.04.2023 सुबह 11.00 बजे से तथा दिनांक 16.05.2023 समय 17.30 बजे तक बीड डाले जा सकते हैं एवं अन्य विवरण कार्यालायीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.) में देखे जा सकते हैं।

जी-00376/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
बिलासपुर (छ.ग.)

प्रथम पृष्ठ का शेष...

जंगल को आग की...

विशेष कार्य के लिए आगे आयी हैं उन्हें जंगल में लगे आग को बुझाने के लिए प्रशिक्षित किया जाए और प्रोत्साहित भी किया जाए। वन विभाग द्वारा हरियाली के प्रतीक स्वरूप इन महिलाओं को हरे रंग की साड़ी का वेश-भूषा दिया गया है और फायर ब्लोवर मशीन से जंगल के आग को काबू पाने के संबंध में प्रशिक्षित भी किया गया। जंगल को आग से बचाने ग्रामीण महिलाओं द्वारा निःशुल्क कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में वनकर्मी भी इनके साथ में रहते हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य में पहला वनमंडल बिलासपुर है जो अपने जंगल के प्राकृतिक पुनरोत्पादन, जड़ी-बूटी, कीमती लकड़ी, फल-फूल को बचाने के लिए अनोखा प्रयास किया गया है। वन ही जीवन है को चरितार्थ करते हुए ये महिलाएं समझ गयी हैं कि वन में होने वाले जड़ी-बूटी, फल-फूल का उपयोग हम लोग स्वयं करते हैं, इससे हमें अतिरिक्त आय होती है और ये सभी हमारे अनमोल धरोहर हैं। आने वाले कल को ध्यान में रखते हुए इसकी सुरक्षा करना हमारा पहला कर्तव्य है। इन्ही भावनाओं के साथ ये सभी महिलाएं जंगल में आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल वनकर्मियों के साथ आग बुझाने निकल पड़ती हैं। जिन महिलाओं ने ये बीड़ा उठाया है, उनमें प्रमुख रूप से रमशीला बाई सोरठे, अनारकली आयाम, सोनम बाई, सत कुमारी मरावी, उमा महंत व जानकी बाई उइके आदि शामिल हैं।

विशेष पिछड़ी जनजातियों ...

जनजातीय के रूप में जानते हैं। राज्य की विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए राज्य शासन द्वारा बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। इन समुदायों के पढ़े-लिखे नौजवानों को शासकीय सेवाओं में उनकी पात्रता के अनुसार सीधी नियुक्ति दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों के उत्थान के लिए जल-जंगल-जमीन के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए हमने पेसा कानून के सबसे बेहतर नियम लागू किए हैं। 65 प्रकार की वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी और उनके प्रसंस्करण से वनवासियों को रोजगार और आय के अच्छे साधन मिल रहे हैं। कोदो-कुटकी-रागी का समर्थन मूल्य तय करके उनकी खरीदी की व्यवस्था की गई है। इन फसलों के लिए भी राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत इनपुट सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा की इन युवाओं ने बहुत विषम परिस्थितियों में अपनी पढ़ाई की है। सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्ति मिलने से इन समुदाय में पढ़ाई के लिए उत्साह बढ़ेगा।

आदिम जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार आदिवासी समुदाय के उत्थान और विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने युवाओं से कहा कि एक शिक्षक के रूप में आने वाली पीढ़ी को शिक्षित करें और बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। संसदीय सचिव यू.डी. मिंज और विधायक विनय भगत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पहाड़ी कोरवा और बिरहोर समुदाय के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए राज्य शासन द्वारा इन जनजातियों के 142 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

असम-अरुणाचल का ...

जाने के बाद से ही दोनों राज्यों के बीच यह सीमा विवाद चल रहा था। केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि ऐसे समय में जबकि देश स्वतंत्रता का 75वां साल मना रहा है, दोनों राज्यों की अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित 123 गांवों का विवाद अब हमेशा के लिए समाप्त हो गया है। शाह ने असम और अरुणाचल प्रदेश की ओर से पुराने लंबित सीमा विवाद को सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाया जाना दोनों राज्यों के लिए ऐतिहासिक घटना है। शाह ने आशा जताई कि 1972 से जारी इस पुराने सीमा विवाद की समाप्ति पूर्वोत्तर राज्यों में सर्वांगिण विकास और शांति लेकर आएगी।

अक्षय तृतीया पर अबकी...

गए थे और भगवान ने उन्हें श्राप से मुक्ति दिलाकर उनकी गरीबी दूर की थी। इस बार की अक्षय तृतीया पर कई शुभ योग बन रहे हैं। ऐसे में इस पर्व का महत्व और भी बढ़ गया है। धर्माचार्यों का कहना है कि इस पर्व पर सुख-संपत्ति के साथ आरोग्यता का वर भी मांगना चाहिए, तभी सही मायनों में सुख-संपत्ति की प्राप्ति होगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, भगवान विष्णु की प्रिय तिथि अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)
क्र. 154 / लो.क.वि./ न.पा.नि. /2023 — रायगढ़, दिनांक 19.04.2023

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रु. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
1	131337	CONSTRUCTION OF E-RICKSHAW SHED AT NIGAM PARISAR	50.00	15.05.2023

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

''स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण करें एवं पालिथीन का प्रयोग न करें''

कार्यपालन अभियंता, न.पा.नि. रायगढ़

कार्यालय, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)
Phone No.- 07836233569, 07836232993, Fax No. 07836232069, E mail-cskoreacg@gmail.com

निविदा प्रपत्र

जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. में सायकल/वाहन स्टैण्ड संचालन कार्य एवं कैन्टीन संचालन हेतु निविदा किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्था सायकल/वाहन कार्य हेतु निविदा की शर्तें एवं आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला कोरिया से कर सकते हैं। निविदा की दरें बंद लिफाफे में दिनांक 27.04.2023 को शायं 5.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से कार्यालय जीवन दीप समिति, जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर के नाम से प्रस्तुत किया जा सकता है। निविदाकर्ता अथवा अनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 27.04.2023
निविदा खुलने की तिथि :- 28.04.2023

सिविल सर्जन/सचिव
जी.दी.स., जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर,
जिला-कोरिया (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड रायगढ़ (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 129/ताशा/का. अभि./लोस्वायां./ — रायगढ़, दिनांक 20.04.2023

निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायगढ़ के अंतर्गत नीचे लिखे कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' में एकल पंजीयन प्रणाली E-Registration in CGPWD डी एवं उच्च श्रेणी अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदाएं केवल रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट डाक से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

ग्रुप क्र.	कार्य स्थल का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)	धरोहर राशि
1	विकासखण्ड लैलूंगा मुख्यालय में स्थित एम.सी.एच. हॉस्पिटल में	पेयजल व्यवस्था हेतु सबमर्सिबल पंप एवंस्थापना एवं पाईप लाईन बिछाने एवं अन्य संबंधित कार्य। (सामाग्री सहित)	3.65	3700/-

यह विस्तृत निविदा का एक भाग है तथा अन्य शर्ते एवं कार्य से संबंधित जानकारी कार्यालयीन समय में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।

जी-00467/3

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड़,
रायगढ़ (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

9वीं में प्रवेश हेतु पात्र-अपात्र की सूची

कोरबा/नवप्रदेश। प्रयास आवासीय विद्यालयों में 2023-24 कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आगामी 30 अप्रैल 2023 को प्रातः 11 से 02 बजे तक प्रवेश चयन परीक्षा आयोजित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में भर्ती हेतु 1140 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसके अंतर्गत 1084 आवेदन पात्र हुए एवं शेष 56 अपात्र पाए गए। हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का अवलोकन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास तथा समस्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों सहित संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर कर सकते हैं।

6वीं में प्रवेश, 23 को चयन परीक्षा

कोरबा/नवप्रदेश। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का वर्ष 2023-24 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आगामी 23 अप्रैल 2023 को प्रातः 10 से 12 बजे तक प्रवेश चयन परीक्षा आयोजित किया गया है। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों का भी निर्धारण कर दिया गया है, जिसके अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला कटघोरा, शासकीय बालक उच्च. माध्य. विद्यालय कटघोरा तथा शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर कोरबा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार चयन परीक्षा हेतु पात्र विद्यार्थी एकलव्य विद्यालय के वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in/ Admit. Card.Login पर जाकर आवेदन क्रमांक एवं अपने पिता के मोबाइल नंबर प्रविष्ट कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसी प्रकार जिन परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं हुआ है वे परीक्षा तिथि 23 अप्रैल 2023 को सुबह 08 बजे से परीक्षा केंद्र में अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

सचिव पद के लिए पात्र-अपात्र की सूची

कोरिया/नवप्रदेयश। उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक ने बताया कि डब्ल्यूसीडीसीके - पीएमकेएसवाय 2.0 योजनान्तर्गत माइक्रोवाटर शेड हेतु संविदा सचिव पद पर नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच उपरांत पात्र एवं अपात्र अभ्यार्थियों की सूची जारी कर दी गयी है। प्रकाशित सूची कार्यालय उप संचालक कृषि कोरिया के सूचना पटल पर एवं जिले के वेबसाईट 222.द्मश्रह्मद्गड्ड.ठ्ठद्बष्.द्बठ्ठ पर अवलोकन किया जा सकता हैं। किसी भी आपत्तिकर्ता द्वारा जारी पात्र एवं अपात्र अभ्यार्थियों की सूची में दिनांक 28 अप्रैल 2023 तक आपत्तियों को डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर दर्ज कराई जा सकती है। समयावधि के उपरांत प्राप्त आपत्तिया पर कोई विचार नही किया जायेगा।

अग्निवीर बनने छग के युवाओं में उत्साह

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय सेना का हिस्सा बनकर देश की सेवा करने के लिए बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ के युवा अग्निवीर की परीक्षा में 19 अप्रैल को सम्मिलित हुए। भारतीय सेना में अग्निवीर बनने के लिए छत्तीसगढ़ के युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। रायपुर परीक्षा केंद्र में निर्धारित समय पर युवाओं की भीड़ नजर आई, छत्तीसगढ़ के तीनों परीक्षा केंद रायपुर, भिलाई और बिलासपुर की तीनों शिफ्ट में 01 हजार 573 युवाओं ने आनलाइन परीक्षा में सम्मिलित हुए। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए रायपुर परीक्षा केंद्र के अलावा भिलाई और बिलासपुर में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। अग्निवीर जीडी पद के लिए 21 अप्रैल तक परीक्षा आयोजित की जाएगी और महिला अग्निवीर, धर्मगुरु, बी फार्मेसी जैसे दूसरे अन्य पदों के लिए 24 से 26 अप्रैल तक परीक्षा आयोजित की जाएगी।

मातृ वंदना योजना 2.0 को संचालित करने की स्वीकृति

कोरबा/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा 01 जनवरी 2022 से कौशल्या मातृत्व योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना अंतर्गत सामाजिक आर्थिक जनगणना में पात्र महिला हितग्राही के द्वितीय संतान बालिका के जन्म पर 5000 रूपए की एकमुश्त सहायता राशि दिये जाने का प्रावधान है। भारत शासन, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के मिशन शक्ति के अंतर्गत जारी नवीन दिशा निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत पहले दो जीवित बच्चों के लिए महिलाओं को लाभ उपलब्ध कराया जाता है, इसके लिए हितग्राही की दूसरी संतान का बालिका होना अनिवार्य है। यह योजना 01 अप्रैल 2022 से प्रभावशील है। निर्देशानुसार प्रथम संतान पर अब दो किश्तों में 5000 रूपए की सहायता तथा द्वितीय बालिका संतान होने पर राशि 6000 रूपए एक किश्त में सहायता दी जाती है। राज्य शासन द्वारा योजना में दोहराव न हो इस हेतु राज्य के व्यय से संचालित कौशल्या मातृत्व योजना का संचालन बंद करते हुए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना 2.0 संस्करण को परिवर्तित दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित करने की स्वीकृति दी है।

2973 बेरोजगारों ने भत्ता के लिए कराया पंजीयन

कांकेर/नवप्रदेश। ऑनलाइन बेरोजगारी भत्ता पोर्टल से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 2973 बेरोजगारों ने पंजीयन कराए हैं, सत्यापन के पश्चात 1270 लोगों को बेरोजगारी भत्ता के लिए स्वीकृति दी गई है। विकासखण्ड अंतागढ़ में अब तक 98 बेरोजगारी भत्ता पंजीयन में से 49 लोगों का स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर में 345 में 219, चारामा में 861 में 308, दुर्गुकोंदल में 137 में 93, कांकेर में 483 में 225, कोयलीबेड़ा में 216 में 73 और नरहरपुर में 613 बेरोजगारी पंजीयन में से 202 लोगों को स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार नगरपालिका कांकेर में 62 पंजीयन में 23, नगर पंचायत चारामा 54 में 26, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के 25 में 18, नगर पंचायत पखांजूर से 35 में 15, नगर पंचायत अंतागढ़ से 14 मैं 04 और नगर पंचायत नरहरपुर से 30 पंजीयन में से 15 आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता के लिए स्वीकृति दी गई है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा बेरोजगारों को प्रतिमाह 25 सौ रूपये बेरोजगारी भत्ता देने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए बेरोजगारी भत्ता पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन मंगाया गया है तथा आवेदन का सत्यापन पश्चात पात्र बेरोजगारों को प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना को दी बधाई

सक्ती/नवप्रदेश। पूरे देश मे 21 अप्रेल को भारतीय प्रशासनिक सेवा दिवस के रूप पूरे देश में मनाया जाता हैं नवीन जिला सकती के प्रथम

कलेक्टर के रूप में नूपुर राशि पन्ना को शुभकामनाएं देते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग अधिवक्ता गिरधर जायसवाल ने कहा कि सीमित संसाधनों में जिस प्रकार पूरे जिले में विकास कार्य को गति दे रही है शिक्षा स्वास्थ्य सड़कों में विशेष ध्यान देना फिलहाल विधानसभा क्षेत्र सकती से ग्रामीण अंचलों के सड़क स्वास्थ्य शिक्षा के लिए उत्कृष्ट कार्य की है जायसवाल ने कहा कि ग्राम पिहरिद में बोर में गिरे राहुल बचाओ अभियान में अपनी प्रशासनिक कुशलता का परिचय दी वही सरकार के योजनाओं को धरातल पर उतारा है वर्षों से सकरेली फाटक में सकरे रोड होने के कारण होने वाले परेशानी से सड़क निर्माण कराकर परेशानी से निजात दिलाई एवं सकती सिमा से डोंगिया तक सड़क निर्माण में बड़ी भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य। चिकित्सा एवँ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सूरज राठौर जिला शिक्षा अधिकारी बी एल खरे पिन्टू ठाकुर लोकनिर्माण विभाग के द्ववेदी ने भी शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत

75 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

दंतेवाडा/नवप्रदेश। कलेक्टर विनित नंदनवार के मार्गदर्शन में जिले में ग्राम पंचायत बालूद के पंचायत भवन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत 75 वर-वधु जोड़ों का सामुहिक कन्या विवाह का आयोजन किया गया।

ववाह संपन्न होने के उपरांत वर-वधुओं को शासन के निर्देशानुसार उपहार सामाग्री विवाह प्रमाण पत्र एवम 1-1 हज़ार का डेमो चेक भी प्रदान किया गया प्रदान किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक देवती महेन्द्र कर्मा , जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा , जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुभाष सुराना , अन्य जनप्रतिनिधिगण एवम महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। राज्य सरकार द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा सभी गरीब व जरूरतमंद लोगों को मदद दी जा रही है जाएगी जिनका परिवार आर्थिक तंगी के चलते अपनी बेटियों का विवाह करवाने में असमर्थ हैं इस योजना के माध्यम से निम्नवर्गीय परिवारों को काफी राहत मिली है राज्य शासन द्वारा कन्याओं के हित में लायी गयी इस योजना से कन्याओं के विवाह होने पर उन्हें आर्थिक सहायता व प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

इस योजना का संचालन जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। इस योजना के संचालन से गरीब व जरूरतमंद लोगों को मदद मिली है।

एडवेंचर कैंप हरियाणा के लिए 6 विद्यार्थियों का चयन

दंतेवाडा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल दंतेवाड़ा से राज्य स्तरीय पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स नेशनल यूथ कॉम्प्लेक्स, गदपुरी, जिला पलवल हरियाणा के लिए 3 स्काउट और 3 गाइड का चयन दंतेवाड़ा से हुआ हैं, जो कि 23 से 27 अप्रैल 2023 तक इस शिविर में भाग लेंगे। उक्त शिविर हेतु स्काउट विंग से सौरभ सिन्हा, पृथ्वी नेताम, इन्द्रजीत चंदेल गाइड विंग से दिशा ठाकूर, सिमरन ककेम, और राशि कावडे का चयन हुआ हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था की प्राचार्य सरिता श्रीवास, व्यायाम शिक्षक व स्काउट मास्टर सुरेन्द्र कुमार राठौर एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

एक-एक तेंदूपत्ता खरीदें सरकार और वादा को निभाए : नन्द किशोर राना

■ **तेंदूपत्ता संग्राहकों की हितों और मांगों को लेकर भाजपा का धरना प्रदर्शन**

दंतेवाडा/नवप्रदेश। तेंदूपत्ता को लेकर एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है जिस की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा बुधवार को तेंदूपत्ता हितग्राहियों के मांगों को लेकर गीदम मण्डल के बड़े तुमनार व गीदम खरीदी केन्द्र (तेंदूपत्ता फड़) में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के मुख्य अतिथि अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व जिला प्रभारी नंद किशोर राणा सहित, बड़ी संख्या में जिले के तेंदूपत्ता संग्राहक इस धरना प्रदर्शन में शामिल रहे ।

धरना प्रदर्शन के मुख्य वक्ता संग्रहण करताओ को संबोधित करते हुए मोर्चा के जिला प्रभारी नंद किशोर राणा ने सरकार पर तेंदूपत्ता संग्राहकों के साथ वादा खिलाफी करने के आरोप लगाया। राणा ने कहा कि कॉंग्रेस की सरकार में आदिवासी और वनांचल क्षेत्र के रहवासियों का जीना दूभर कर दिया है। भूपेश बघेल की सरकार तेंदूपत्ता संग्राहकों के साथ शोषण की पराकाष्ठा कर रही है। संग्रहण कर्ताओं के एक एक तेंदूपत्ता खरीदें सरकार और किया गया वादा को निभाए । रोजगार देने में नाकाम सरकार अब शोषण करने पर उतर आई है। तेंदू पत्ता संग्राहक भाइयों के साथ भी सरकार यही खेल खेल रही है। संग्रहको को बीमा और बोनस का लाभ राज्य सरकार द्वारा नहीं दिया जा रहा है। पूर्व की भाजपा सरकार में संग्राहक भाई बहनों को दिए जा रहे चरणपादुका की योजना को भी कांग्रेस की सरकार द्वारा ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।सरकार बनने से पूर्व कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र में बड़े बड़े वादे किए गए थे। लेकिन सत्ता में आते ही अपने सारे वादे भूल गए। एक ओर जहां आदरणीय प्रदानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, आदिवासी और वनवासी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर उत्पन्न कर रहे हैं, वहीं कॉंग्रेस की भूपेश सरकार शोषण की नए कीर्तिमान रच रही है।

भाजपा द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों के हितों में किए जा रहे मांगों में प्रमुख रूप से तेंदूपत्ता खरीदी कम से कम 10 से 15 दिन करना, संग्राहको के लिए बोनस, पूर्व की भाजपा सरकार की तरह चरणपादुका वितरण, संग्राहक परिवार के बच्चो के लिए छात्रवृति, तेंदूपत्ता संग्राहक की मृत्यु पर आश्रित परिवार को बीमा राशि दिया जाए, तेंदूपत्ता फड़ मुंशियों को 12000 रुपए मानदेय, तेंदू पत्ता प्रबंधकों को तृतीय वर्ग कर्मचारी घोषित करने की मांग शामिल है। इन मांगों को लेकर आगामी दिनों में एसटी मोर्चा द्वारा डीएफओ कार्यालय का घेराव करते हुए मुख्यमंत्री के नाम सौंपा जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी व ,जिला अध्यक्ष मुन्ना मरकाम,अन्ति वेक,मासाराम लेकाम,गुड्डी राम,गुड्डी राम,बालसिंह ताती,पाण्डु राम,पतिराम,अनिल ताती,सोमाराम सहित बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा नेतागण एवं जिले के तेंदूपत्ता संग्राहक इस धरना प्रदर्शन में शामिल थे।

विधायक मंडावी इफ्तार की दावत में हुए शामिल

■ **विक्रम मंडावी ने रोज़दारों के साथ क्षेत्र की अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी**

बीजापुर/नवप्रदेश। रमज़ान के पाक महीने में बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी बीजापुर के जामा मस्जिद में इफ़्तार की दावत में शामिल हुए और रोज़दारों के साथ क्षेत्र में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इफ़्तार की दावत में पहुंचे विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि आपसी भाईचारा और प्रेम हमारे देश की पहचान है। हम सभी को एक दूसरे के मजहब का सम्मान करना चाहिए। विधायक ने कहा कि कुछ लोग देश के भाईचारा और आपसी प्रेम को बिगाड़ने के काम में लगे हुए है। बता दें कि इन दिनों मुस्लिमों का पाक महीना रमज़ान चल रहा हैं। इस पवित्र महीने में मुस्लिम महीनेभर का रोज़ा नमाज कर अपने रब की इबादत करते हैं।

गुरुवार को बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रोजा इफ्तार की दावत में शरीक हुए। इस अवसर विधायक विक्रम मंडावी के अलावा जिलापंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, एवं बीजापुर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर इम्तियाज़ ख़ान, पूर्व सदर मकबूल खान, अब्दुल सलाम खान, पूर्व सेकेट्री अय्यूब खान, वरिष्ठ पत्रकार याकूब खान, साबीर खान, कारी हाफ़िज़ अली, मुख्तार खान, खजांची इदरीश खान, हाफ़िज़ हारून, रमजान खान, मुन्नवर खान, इमरान खान सहित मुस्लिम समाज के अन्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

सम्प्रेक्षण एवं बाल गृह समिति द्वारा बालक गृह दर्री का किया निरीक्षण

कोरबा/नवप्रदेश। नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और संरक्षण के लिये विधिक सेवाएं योजनाएं) के अंतर्गत समिति द्वारा बाल सम्प्रेक्षण गृह, बालक गृह एवं बालिका गृह का भ्रमण कर मौजूद सुविधाओं के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट निष्कर्ष सहित प्राधिकरण द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर को प्रेषित किये जाने के निर्देश हैं।

उक्त निर्देश के पालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्प्रेक्षण एवं बाल गृह समिति के टीम द्वारा बालक गृह दर्री का आकस्मिक निरीक्षण अध्यक्ष, शीतल निकुंज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सदस्य संदीप बिसेन, बाल परिवीक्षा अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग, अधिवक्ता ओम प्रकाश जोशी एवं पैरालीगल वॉलीन्टियर्स रमाकांत दुबे के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान बालक गृह में मौजूद सुविधाओं का जायजा टीम द्वारा ली गई। निरीक्षण के दौरान पेयजल, साफ-सफाई, भोजन, खेलकूद आदि की सुविधा बेहतर पाई गई। बालक गृह में कुल 17 बच्चें है। सचिव ने किशोर न्याय अधिनियम के तहत् जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने हेतु प्रभारी एवं बालक गृह के कर्मचारियों को निर्देशित किया।

स्कूलों के समय में परिवर्तन

रायगढ़/नवप्रदेश। वर्तमान में तेज गर्मी को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य की सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों, शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन समय में 20 अप्रैल से परिवर्तन किया गया है। यह परिवर्तित समय 30 अप्रैल तक प्रभावशील रहेगा।

लोक शिक्षण संचालनालय से जारी आदेशानुसार एक पाली में संचालित समस्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई-हायर सेकेण्डरी स्कूल सोमवार से शनिवार तक प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक संचालित होगी। ऐसे स्कूल जहां कक्षाएं दो पालियों में संचालित होती है, वहां प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाएं प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक और हाई-हायर सेकेण्डरी शालाएं प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित की जाएगी।

आईपीएल ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

कांकेर/नवप्रदेश। शहर में 20-20 क्रिकेट मैच को लेकर मैच में पैसों को लेकर हार जीत का दांव लगाने की जानकारी काफी दिनो से पुलिस के पास आ रही थी। कांकेर कोतवाली पुलिस को लगातार मिल रही थी। सटोरियो पर नकेल कसने की कवायद को लेकर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने कड़ी कार्यवाही के आदेश जारी कर आरोपीयों को सलाखों के पीछे भेजने के निर्देश दिए गए। जिसके बाद कोतवाली प्रभारी शरद दुबे के नेतृत्व में टीम गठित कर सटोरियों पर सख्त कार्यवाही करने मुहिम चलाई गई। जिसके बाद 1 लाख 32 हज़ार

नगद रकम के साथ राजापारा के यश चोपड़ा को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता है। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में थाना कांकेर पुलिस द्वारा आईपीएल सट्टा खिलाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मांडाभर्री बना जिले का पांचवा हर घर जल प्रमाणीकरण ग्राम

कांकेर/नवप्रदेश। नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम मांडाभर्री में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल योजना के तहत शुद्ध पेयजल प्रदान किया जा रहा है। ग्राम मांडाभर्री में हर घर जल प्रमाणीकरण जल सभा मनाया गया, जिसमें ग्राम सरपंच को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्रामसभा अध्यक्ष राम नेताम भी उपस्थिति थे। जिला नोडल अधिकारी एवं उप अभियंता नरहरपुर नवीन कुमार साहू द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की

जिम्मेदारियों से अवगत कराते योजना को सुचारू रूप से चलाने कहा। ग्राम सभा में सरपंच एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष चंद्रभान मंडावी जल जीवन मिशन के तहत प्रदत्त पाइप लाइन, टंकी, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग करने के लिए कहा साथ ही ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, जल बाहिनी, पंप ऑपरेटर, प्लंबर, हेल्पर एवं समस्त ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वहन के लिए प्रेरित किया। आईएसए के जिला समन्वयक निशा वामन द्वारा जल जीवन मिशन में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की भूमिका जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को विस्तार से समझाया। जिला समन्वयक ज्योति शांडिल्य द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण की संपूर्ण जानकारी देते जल बहिनियों को जल गुणवत्ता की जानकारी देते ग्राम के जल स्त्रोत का जल नमूना लेकर जल गुणवत्ता परीक्षण के विभिन्न पैरामीटर पर परीक्षण करना सिखाया व अशुद्ध जल से होने हानिकारक प्रभाव एवं बीमारियों के बारे में बताया। मेसर्स बालाजी कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार द्वारा ग्राम मांडाभर्री में जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्राप्त कार्यों को पूर्ण किया गया।

गैर-अनुसूचित क्षेत्रों के लिए 'मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना' का शुभारंभ

■ **वर्चुअल कार्यक्रम में जनप्रतिधि हुए शामिल**

कांकेर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में राज्य के गैर-अनुसूचित क्षेत्रों के लिए 'मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना' का शुभारंभ किया। ग्रामीण क्षेत्रों के तीज-त्यौहारों, संस्कृति एवं परम्परा को संरक्षित और संवर्धित करने के उद्देश्य से यह योजना मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना की तर्ज पर शुरू की गई है। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना' राज्य के गैर अनुसूचित क्षेत्रों के सामुदायिक क्षेत्रों के 61 विकासखंड की 6 हजार 111 ग्राम पंचायतों में लागू होगी। इस योजना की इकाई ग्राम पंचायत होगी। तीज-त्यौहार मनाने के लिए इस योजना में भी हर ग्राम पंचायत को दो किश्तों में 10 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। योजना के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री ने योजना की पहली किश्त के रूप में सभी 6 हजार 111 ग्राम पंचायतों को 05-05 हजार रुपए के मान से कुल 03 करोड़ 05 लाख 55 हजार रुपए की राशि जारी की। मुख्यमंत्री बघेल ने इसके साथ-साथ 'मुख्यमंत्री

आदिवासी परव सम्मान निधि' के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र के सरगुजा संभाग सहित अन्य अनुसूचित क्षेत्रों के शेष 14 जिलों की 03 हजार 793 ग्राम पंचायतों को आज प्रथम किश्त के रुप में 05-05 हजार रुपए के मान से कुल 01 करोड़ 89 लाख 65 हजार रुपए की राशि भी जारी की। इसके साथ ही यह योजना पूरे प्रदेश में लागू हो गई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री बघेल ने 13 अप्रैल को बस्तर में आयोजित भरोसा सम्मेलन में 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' का शुभारंभ करते हुए बस्तर संभाग की 1840 ग्राम पंचायतों को योजना की पहली किश्त के रूप में 5-5 हजार रुपए के मान से अनुदान राशि जारी की थी। मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में यहां की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का काम अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से राज्य में तीजा हरेली भक्तिन महतारी कर्मा जयंती मां शाकंभरी जयंती (छेरछेरा), छठ और विश्व आदिवासी दिवस जैसे पर्वो पर सार्वजनिक अवकाश दिया जा रहा है। साथ ही इन पर्वो पर भव्य आयोजन भी किया जा रहा है। राज्य शासन की यह भावना है कि तीज-त्यौहारों के माध्यम से हमारी नयी पीढ़ी अपने पारंपरिक मूल्यों से जुड़कर संस्कारित हो और अपनी संस्कृति पर गौरव का अनुभव करे। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव, युवा महोत्सव, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक जैसे आयोजनों के पीछे भी हमारा यही उद्देश्य है। देवगुड़ियाँ और घोटुलों के विकास का काम भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम तीज त्यौहारों का संरक्षण और संवर्धन करेंगे तो प्रकृति से भी जुड़ेंगे। आज हमारे सामने जलवायु परिवर्तन एक बड़ी चुनौती है। प्रकृति का संरक्षण और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ी लोक परब सम्मान निधि के अंतर्गत हालांकि 10 हजार रूपए की राशि दी जा रही है।

छत्तीसगढ़िया किसानी के नवा बछर

अक्ति तिहार

माटी पूजन दिवस

सब्बो मन ल जय जोहार

भुइयां माता की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध प्रयास

कृष्ण कुंज
224 एकड़ रकबे में **55 हजार** से अधिक जीवन उपयोगी पौधे ले रहे आकार

मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना
देश में पहली बार किसानों द्वारा पांच वर्षों में **1.8 लाख एकड़** पड़त भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण

गोधन न्याय योजना
खरीदे गये गोबर व गौमूत्र से बनाई **23 लाख क्विंटल** जैविक खाद और **85 हजार लीटर** ब्रह्मास्त्र (जैविक कीट नियंत्रक) और जीवामृत (वृद्धि वर्धक) के विक्रय से बढ़ रहा जैविक खेती का रकबा

श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

संवाद - 36709

छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in

न्यूज गैलरी

विराट का छीना ब्लू टिक लैब्रॉन का बरकरार

सैन फ्रांसिस्को(ए.)। सेलेब्स की ट्विटर प्रोफाइल से लेगेसी ब्लू टिक गायब है। ट्विटर ब्लू की तरफ से रफ्तार बढ़ा रहे माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ने बड़े स्तर पर यूजर्स के प्रोफाइल से ब्लू टिक हटा लिए हैं। इनमें भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली से लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक कई बड़े नाम शामिल हैं। हालांकि, कुछ ऐसे सेलेब्स भी हैं, जिनकी प्रोफाइल पर बगैर सब्सक्रिप्शन भी ब्लू टिक नजर आ रहे हैं।

सामने आया कि बॉस्केटबॉल स्टार लेब्रॉन जेम्स और लेखक स्टीफन किंग के ट्विटर अकाउंट पर ब्लू टिक बरकरार है। खास बात है कि ये हस्तियां पहले ही ब्लू टिक सर्विस नहीं लेने का ऐलान कर चुकी हैं। अब इस मामले को लेकर कंपनी के सीईओ एलन मस्क खुद सफाई दे चुके हैं। दरअसल, उन्होंने बताया था कि वह खुद व्यक्तिगत रूप से कुछ सेलेब्स के लिए भुगतान कर रहे हैं। मस्क ने जानकारी दी थी, 'मैं कुछ लोगों के लिए व्यक्तिगत रूप से भुगतान कर रहा हूं।' उन्होंने बताया कि इनमें स्टार ट्रेक स्टार विलियम शैटनर, लेब्रॉन और किंग का नाम शामिल है।

भारत में इन हस्तियों के गए ब्लू टिक

बॉलीवुड से शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, आलिया भट्ट जैसे कई बड़े नाम ब्लू टिक गंवा चुके हैं। वहीं, सीएम आदित्यनाथ, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पास भी ब्लू टिक नहीं है। विराट के अलावा रोहित शर्मा समेत कई क्रिकेट सितारों की प्रोफाइल से भी ब्लू टिक हट गया है।

क्या है वजह

सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रतिरूपण और 'स्पैम' से बचने के लिए पत्रकारों, सरकारी अधिकारियों और अपने क्षेत्र की हस्तियों को ब्लू टिक मुफ्त में प्रदान किया जाता था। ट्विटर ने उन खातों से ब्लू टिक हटा दिए जो इस सेवा के लिए मासिक सदस्यता का भुगतान नहीं करते हैं।

एयर इंडिया को चुकानी होगी सूद समेत रकम

नई दिल्ली(ए.)। एयर इंडिया ने एक यात्री को बिल्ली के साथ यात्रा करने की अनुमति नहीं दी थी, इसलिए गांधीनगर की रहने वाली यात्री ने विवाद निवारण आयोग (सीडीआरसी) में अपनी शिकायत लेकर पहुंची थी। सीडीआरसी ने उन्हें इस मामले में सूद समेत मुआवजा देने के लिए एयर इंडिया को आदेश दिया है। अपूर्वा शाह अपनी पालतू बिल्ली को लेकर दिल्ली से अहमदाबाद जा रही थीं। वह पेशे से डॉक्टर हैं। एयर इंडिया को उन्हें टिकट, पालतू जानवरों का किराया और प्राइवेट गाड़ी का खर्च सूद समेत लौटाना होगा। यह घटना 23 सितंबर 2022 की है। अपूर्वा दिल्ली से अहमदाबाद जा रही थी। उनके साथ उनकी बेटी और पालतू बिल्ली भी थी। वह अमेरिका से आई थीं। अपूर्वा की शिकायत है कि एयरलाइन ने पालतू जानवर के साथ प्लेन में चढ़ने नहीं दिया।

नहीं दी बिल्ली के साथ यात्रा करने की इजाजत

अपूर्वा और उनकी बेटी ने 23 सितंबर 2022 को चेक इन किया। तब एयरलाइन ने उन्हें बताया कि चूंकि बिल्ली का वजन पांच किलो है, इसलिए उसके लिए लोहे के पिंजरे की व्यवस्था की जाए। अपूर्वा की बेटी ने तुरंत 4500 रुपए में एक लोहे का पिंजरा खरीद लिया। लंबे इंतजार के बाद पायलट और स्टाफ ने बिल्ली को प्लेन पर जाने की इजाजत दी। उन्हें ऐसा बताया गया कि बिल्ली को प्लेन के लगेज कंपार्टमेंट में रखा जाएगा। लेकिन वहां पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं था। इसलिए उन्हें अनुमति नहीं दी गई।

कार से पहुंची अहमदाबाद

उन्हें पालतू जानवर के साथ अहमदाबाद जाने के लिए किसी भी तरह की मदद से साफ मना कर दिया गया और एक घंटे की जद्दोजहद के बाद बिल्ली उन्हें वापस सौंप दी गई। इसके लिए उन्हें कोई रिफंड नहीं दिया गया। तब अपूर्वा ने एक गाड़ी किराए पर ली और अहमदाबाद पहुंची। इस मामले में विवाद की जड़ उस समय से उठी है जब ऑक्सीजन की कमी के कारण बिल्ली को यात्रा करने की अनुमति नहीं दी गई थी। डॉक्टर अपूर्वा को किसी ऑप्शनल फ्लाइट के बिना छोड़ दिया गया था। अब सीडीआरसी ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया, एयर इंडिया लिमिटेड को उन्हें टिकट शुल्क, पालतू पशु शुल्क, और गाड़ी का किराया ब्याज सहित देने का आदेश दिया।

शेरू को मौत के 4 साल बाद मिला इंसाफ

भिंड(ए.)। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के मेहगांव में एक पालतू कुत्ते शेरू को अपनी मौत के चार साल बाद इंसाफ मिला है। जिला कोर्ट ने कुत्ते की हत्या के दोषी व्यक्ति को एक साल कैद और 1 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में फरियादी के पालतू कुत्ते को दोषी द्वारा अपने वाहन से टक्कर मार दी गई थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

जिला कोर्ट ने कुत्ते की हत्या के दोषी व्यक्ति को एक साल कैद की सजा सुनाई है। जिला लोक अभियोजन अधिकारी ए.के. श्रीवास्तव ने बताया कि घटना 30 अप्रैल 2019 में घटित हुई थी। इस मामले में मेहगांव में एक फरियादी ने थाने में पहुंच कर एफआईआर दर्ज कराई थी कि माखन सिंह लोधी नाम के व्यक्ति ने अपने वाहन से उसके पालतू कुत्ते को टक्कर मार दी। टक्कर मारने से वह घायल हो गया था, जिसके तुरंत बाद उसकी मौत हो गई थी।

चार साल चला कोर्ट में केस

एफआईआर के बाद मामला कोर्ट के संज्ञान में आने के बाद न्यायालयीन प्रक्रिया शुरू हुई और करीब चार वर्ष तक दोनों पक्षों की दलीलों और साक्ष्यों पर विचार-विमर्श किया गया, इसके बाद न्यायाधीश राकेश कुमार कुशवाह, मेहगांव जेएमएफसी न्यायालय द्वारा आरोपी माखन सिंह लोधी पर दर्ज प्रकरण में पाया गया कि आरोपी द्वारा पालतू कुत्ते शेरू को लापरवाही अथवा जान बूझकर कर टक्कर मारी गई थी, जिससे उसकी मौत हुई हो गई। न्यायालय ने इस मामले में दोनों पक्षों और सबूतों के आधार पर आखीरकार अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी माखन लोधी को दोषी ठहराया है और कुत्ते की हत्या का जिम्मेदार ठहराते हुए उसे एक वर्ष का सश्रम कारावास साथ ही एक हजार रुपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई है।

सरकार ने 6 महीने तक नहीं लिया फैसला, कॉलेजियम ने हाईकोर्ट चीफ जस्टिस के ट्रांसफर की सिफारिश वापस ली

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने ओडिशा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एस. मुरलीधर को मद्रास उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश को वापस ले लिया है। कॉलेजियम की सिफारिश पर केंद्र सरकार की ओर से बीते 6 महीने से कोई फैसला नहीं लिया जा रहा था, जिसके चलते कॉलेजियम ने सिफारिश को ही वापस ले लिया। कॉलेजियम ने बुधवार को अपनी सिफारिश वापस ले ली। बार ऐंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक इसकी एक वजह यह भी है कि जस्टिस मुरलीधर अब यदि मद्रास हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बन भी जाते तो उनका कार्यकाल महज 3 या 4 महीने का ही रह जाता।

जस्टिस मुरलीधर इसी साल अगस्त में रिटायर होने वाले हैं। कॉलेजियम ने 28 सितंबर, 2022 को जस्टिस मुरलीधर के ट्रांसफर की सिफारिश की थी। केंद्र सरकार ने इस मामले में 6 महीने में कोई फैसला ही नहीं लिया। इसके बाद कॉलेजियम ने खुद ही सिफारिश वापस ले ली। माना जा रहा है कि अब उनकी जगह पर बॉम्बे हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसवी गंगापुरवाला को मद्रास उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस के तौर पर भेजा जा सकता है। जल्दी ही उनके नाम की सिफारिश कॉलेजियम कर सकता है।

दिल्ली हाई कोर्ट के जज के तौर पर जस्टिस मुरलीधर को 2006 में नियुक्ति मिली थी। उन्होंने चेन्नै से 1984 में अपनी लॉ प्रैक्टिस शुरू की थी। उन्हें मार्च 2020 में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के जज के तौर पर भेजा गया था। वहीं मार्च 2020 में जस्टिस मुरलीधर का ट्रांसफर ओडिशा हाई कोर्ट के लिए हुआ था और वह चीफ जस्टिस के तौर पर पहुंचे थे।

गोधरा कांड के 8 दोषियों को सुको से जमानत, 4 को इनकार

■ **जिंदा जला दिए गए थे 58 कारसेवक**

नई दिल्ली(ए.)। 2002 में गुजरात के गोधरा में ट्रेन की बोगी में आग लगाने के 8 दोषियों को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है।हालांकि, सर्वोच्च अदालत ने 4 दोषियों की जमानत याचिका को उनकी भूमिका को देखते हुए खारिज कर दिया।चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने यह फैसला दिया। इन 8 को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी और ट्रायल कोर्ट ने उनकी सजा को बरकरार रखा था। इस जघन्य कांड में अयोध्या से आ रहे 58 तीर्थ यात्रियों को जिंदा जलाकर मार डाला गया था। घटना के बाद गुजरात में सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई थी।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इन लोगों की अर्जी का खारिज कर दिया था। इन सभी लोगों को ट्रायल कोर्ट से फांसी की सजा मिली थी, लेकिन गुजरात हाई कोर्ट ने बाद में उसे उम्रकैद में तब्दील कर दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि इन लोगों को ट्रायल कोर्ट ने फांसी की सजा दी थी, जिसे उच्च न्यायालय ने कम कर दिया था। हाई कोर्ट के उसी फैसले को गुजरात सरकार ने चुनौती दी है। यही नहीं गुजरात सरकार ने तो इन दोषियों की बेल अर्जी का भी विरोध किया था। वहीं दोषियों के वकीलों ने कहा कि ये लोग पहले ही जेल में 17 साल काट चुके हैं।

गुजरात सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इन लोगों ने गंभीर अपराध किया था। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने ना सिर्फ ट्रेन पर पत्थर फेंके बल्कि बोगी का दरवाजा भी बंद कर दिया था ताकि लोग बाहर न निकल सकें। तुषार मेहता ने कहा कि इन लोगों ने जो अपराध किया है, वह जघन्य से जघन्य है। ऐसे में इन लोगों को बेल नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन लोगों के खिलाफ टाडा के तहत केस दर्ज हुआ था। इससे इनके अपराध की गंभीरता का पता चलता है। बता दें कि 27 फरवरी 2022 में गोधरा रेलवे स्टेशन पर पहुंची साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन की कुछ बोगियों को आग के हवाले कर दिया गया था। इस घटना में अयोध्या से आ रहे 58 कारसेवकों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। इसके चलते गुजरात में बड़े पैमाने पर दंगे हुए थे। ट्रेन अग्निकांड के 31 आरोपियों को स्थानीय अदालत ने दोषी ठहराया था और 63 को बरी कर दिया था। कुल 31 दोषियों में से 11 को फांसी की सजा दी गई थी और बाकी बचे 20 लोगों को उम्रकैद की सजा मिली थी।

'अपने शब्दों पर कंट्रोल करना चाहिए' अदालत ने राहुल गांधी पर किया कमेंट

सूरत(ए.)। गुजरात के सूरत की एक सत्र अदालत ने अयोग्य ठहराए गए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की आपराधिक मानहानि के मामले में उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने की अपील को इस टिप्पणी के साथ खारिज कर दिया कि कर्नाटक में 2019 की चुनावी रैली में उनकी ÷मोदी सरनेम वाली टिप्पणी एक निर्वाचित प्रतिनिधि को शोभा नहीं देती। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रॉबिन मोगेरा ने कहा, यह कोई विवादित तथ्य नहीं है कि अपीलकर्ता (तत्कालीन) एक सांसद और दूसरी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का अध्यक्ष भी रहा। ऐसे में अपीलकर्ता के कद को देखते हुए, उसे अपने शब्दों से अधिक सावधान रहना चाहिए था, जिसका एक बड़ा प्रभाव लोगों के दिमाग पर होगा।

साल 2019 में कर्नाटक के कोलार में राहुल गांधी ने मोदी सरनेम पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले में दो साल की सजा होने के बाद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द हो चुकी है। साथ ही उन पर आगामी आठ सालों तक चुनाव न लड़ने की तलवार भी लटक रही है। राहुल गांधी ने सूरत के एक सत्र अदालत में मामले के खिलाफ अपील की, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। अदालत में राहुल गांधी ने तर्क दिया कि यदि दोषसिद्धी पर रोक नहीं लगाई गई तो उन्हें आठ सालों तक चुनाव से वंचित रहना पड़ सकता है। अदालत ने इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि उन्हें अपरिवर्तनीय क्षति का सामना करना पड़ेगा।

अब हाई कोर्ट जाएंगे राहुल गांधी

सूरत के ट्रायल कोर्ट में राहुल गांधी के केस की पैरवी करने वाले वकील किरीट पानवाला ने कहा कि पूर्व सांसद गुजरात उच्च न्यायालय में अपील खारिज करने को चुनौती देंगे। उन्होंने कहा, फैसला निराशाजनक है, लेकिन हम सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल करेंगे। हमें उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय से राहत मिलने की उम्मीद है। सत्र अदालत 20 मई को राहुल की दो साल की सजा को चुनौती देने वाली 3 अप्रैल की याचिका के दूसरे भाग पर सुनवाई करेगी। पानवाला ने कहा कि सजा पर अदालत का फैसला आने तक वह जमानत पर है।

2 दशक पुराने हैं गौतम अडानी और शरद पवार के रिश्ते

एनसीपी में सियासी उथल पुथल के बीच बैठक

मुंबई (ए.)। कारोबारी गौतम अडानी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार के बीच गुरुवार को बैठक हुई। खबर है कि दोनों के बीच बंद कमरे में करीब 2 घंटे तक चर्चाएं हुई। हालांकि, अब तक बैठक का एजेंडा साफ नहीं हो पाया है, लेकिन हिंडनबर्ग रिपोर्ट विवाद, जेपीसी जांच और एनसीपी में सियासी उथल पुथल के बीच बैठक को काफी अहम माना जा रहा है।

पवार और अडानी के पुराने रिश्ते

पवार और अडानी के रिश्ते की बात नई नहीं है। दोनों एक-दूसरे करीब 2 दशकों से जानते हैं। यहां तक कि पवार ने अपनी आत्मकथा 'लोक माझे संगाती' में अडानी की जमकर तारीफ भी की थी। उन्होंने कारोबारी को मेहनत करने वाला और जमीन से जुड़ा व्यक्ति बताया था। खास बात है कि उस दौरान अडानी कोयला क्षेत्र में संभावनाएं तलाश रहे थे।

पवार ने यह भी लिखा था कि उनके कहने पर ही अडानी ने थर्मल पावर सेक्टर का रुख किया था। उन्होंने अपनी किताब में अडानी के कारोबारी सफर को भी शामिल किया था।

> **इंटरव्यू में भी किया बचाव**
>
> **एक इंटरव्यू के दौरान पवार ने कारोबारियों को 'निशाना' बनाए जाने को लेकर भी बात की थी। उन्होंने कहा था, 'यह देश में कई सालों से हो रहा है। मुझे याद है कि कई सालों पहले, जब हम राजनीति में आए थे, तो अगर हमें सरकार के खिलाफ बोलना ही होता था, तो हम टाटा-बिड़ला के खिलाफ बोलते थे।'**

उत्तराखंड चार धाम यात्रा 2023 शुरू होने से एक दिन पहले बद्रीनाथ-गंगोत्री धामों के हाईवे बंद

बदरीनाथ(ए.) । उत्तराखंड चार धाम यात्रा 2023 शुरू होने से ठीक एक दिन पहले नेशनल हाईवे बंद हो गया है। हाईवे बंद होने की वजह से दिल्ली-एनसीआर, यूपी, एमपी सहित देश-विदेश से उत्तराखंड आने वाले तीर्थ यात्रियों की मुश्किलें बढ़ सकतीं हैं। बारिश के बाद भूस्खलन की वजह से हाईवे पर मलबा आने से हाईवे बंद हुआ है। यात्रा के दौरान के भी अगर खराब मौसम की वजह से हाईवे बंद होता है, तो चिंता की बात रहेगी की तीर्थ यात्रियों की रात सड़कों पर गुजर सकती है।

धामों में बारिश और बर्फबारी के बाद यात्रा की तैयारियों में जुटी प्रशासन की टीमों को निर्माण कार्य में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान की बात करें तो आने 22 अप्रैल तक मौसम खराब रहेगा। ऐसे में तीर्थ यात्रियों को सलाह दी जाती है कि यात्रा के दौरान मौसम का अपडेट लेने के साथ ही अलर्ट रहें।

बदरीनाथ हाईवे

उत्तराखंड के पर्वतीय और मैदानी जिलों में बुधवार के बाद गुरुवार 20 अप्रैल को भी जमकर बारिश हुई। बारिश का दौर रातभर तक जारी रहा। बारिश की वजह से बुधवार शाम को हनुमानचट्टी पर बदरीनाथ हाईवे पर मलबा आने से बंद हो गया था, हालांकि गुरुवार दोपहर एक बजे हाईवे खुल गया था।

बिहार में जाति गणना के खिलाफ याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार

नई दिल्ली(ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में जाति के आधार पर जनगणना कराने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ दायर एक नयी याचिका पर 28 अप्रैल को सुनवाई करने पर शुक्रवार को सहमति जताई। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध करने संबंधी एक वकील के प्रतिवेदन का संज्ञान लिया। वकील ने पीठ से कहा कि जाति आधारित जनगणना 15 अप्रैल को शुरू हुई थी और यह 15 मई को पूरी होनी है। पीठ ने कहा कि वह मामले पर 28 अप्रैल को सुनवाई करेगी।

अतीक के गुर्गों की धरपकड़ जारी

■ **15000 रुपये के इनामी बदमाश अब्दुल कवि का भाई धराया**

लखनऊ (ए.)। माफिया डॉन अतीक अहमद की हत्या के बाद अब गुर्गों की धरपकड़ जारी है। पुलिस ने अतीक गैंग के 15 हजार रुपये के इनामी बदमाश अब्दुल कवि के बड़े भाई अब्दुल वली को गिरफ्तार कर लिया है। खबर है कि वली भी कई मामलों में वांछित था। पुलिस को अतीक की पत्नी शाइस्ता को सहयोगी गुड्डू मुस्लिम की भी तलाश है।

साल 2005 में हुए राजू पाल हत्याकांड में कवि का नाम भी शामिल है। उसके भाई वली को गुरुवार को पुलिस ने मिन्हाजपुर गांव में गिरफ्तार किया है। खबर है कि वली पहले कोर्ट के सामने सरेंडर करने की तैयारी कर रहा था। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि इससे पहले ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

दोबारा बना क्राइम सीन

अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्या की घटना का एसआईटी, फोरेंसिक टीम और न्यायिक जांच आयोग की टीम ने गुरुवार को नाट्य रूपांतरण किया ।पुलिस सूत्रों ने बताया कि एसआईटी और अन्य टीमें दोपहर करीब डेढ़ बजे घटनास्थल काल्विन हास्पिटल पहुंची जहां पहले से बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान, एडीजी भानु भास्कर, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा और संयुक्त पुलिस आयुक्त आकाश कुलहरि भी मौजूद थे।

उन्होंने बताया कि घटना के नाट्य रूपांतरण के दौरान अतीक और अशरफ के जीप से उतरने से लेकर अस्पताल के भीतर दाखिल होने और मीडियाकर्मियों द्वारा बाइट लेने के दौरान तीन युवकों द्वारा फायरिंग करने का दृश्य दोहराया गया।

गलवान में शहीद हुए थे पति, लेफ्टिनेंट बनकर अब दुश्मनों के दांत खट्टे करेगी रेखा सिंह

नई दिल्ली(ए.)। जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के साथ झड़प में भारत के 20 बहादुर जवान शहीद हो गए थे। उनमें से एक शहीद की पत्नी रेखा सिंह सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में अपना योगदान के लिए तैयार हैं। अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि रेखा सिंह उन 200 कैडेटों में शामिल होंगी, जिनमें 40 महिलाएं शामिल हैं। 29 अप्रैल को चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी से पासआउट होने जा रही हैं।

रेखा सिंह के पति नाइक दीपक सिंह बिहार रेजिमेंट की 16वीं बटालियन का हिस्सा थे।

15 जून, 2020 को चीनी सैनिकों से लड़ते हुए वह शहीद हो गए थे। नवंबर 2021 में उनकी वीरता के लिए उन्हें मरणोपरांत वीर चक्र से भी सम्मानित किया गया था। आपको बता दें कि परमवीर चक्र और महावीर चक्र के बाद यह भारत का तीसरा सबसे बड़ा सैन्य सम्मान है।

पति के शहीद होने के बाद रेखा सिंह ने हिम्मत नहीं हारी। अपने पति की विरासत को बढ़ाने के लिए उन्होंने सशस्त्र बलों में अपना करियर बनाने का विकल्प चुना। भारतीय सेना भी ऐसी महिलाओं को प्रोत्साहित कर रही है जो अपने दिवंगत पति के नक्शेकदम पर चलना चाहती हैं और इसके लिए सक्षम हैं। शहीदों की पत्नियों को सेवा चयन बोर्ड इंटरव्यू के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूएसपीसी) द्वारा आयोजित संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा में शामिल होने से छूट दी गई है। इसके अलावा आयु में छूट के भी हकदार हैं।

सेना में महिलाएं अब हाशिए पर नहीं हैं। पुरुष सैनिकों के बराबर उन्हें भूमिकाएं सौंपी जा रही हैं। वे लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। युद्धपोतों को भी ऑपरेट कर रही हैं। उन्हें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

न्यूज गैलरी

थाना परिसर में लगी भीषण आग, गाड़ियां खाक

सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के भटगांव थाना परिसर में भीषण आग लग गई। धू-धू करके वहां खड़ी 30 से ज्यादा गाड़ियां जलकर खाक हो गई। आग की लपटे इतनी तेज थी कि एक के बाद एक दो पहिया वाहन जलकर आग का गोला बनते चले गए। हालांकि कुछ देर बाद दमकल की गाडियों ने घटनास्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया।दरअसल, भटगांव थाना परिसर के पास एक खेत है। जहां पर पराली में आग लग गई थी। जैसे-जैसे पराली जलती गई वैसे-वैसे थाना परिसर में रखे वाहन जलकर तबाह हो गए। काफी देर तक इस बात की खबर पुलिस प्रशासन को भी नहीं लगी। हालांक दमकल की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। फिलहाल पुलिस आग लगने की वजह क्या है, इस पर जांच कर रही है।

दुकान-रेस्टोरेंट में अवैध शराब, 3 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। दुकान और रेस्टॉरेंट में अवैध रूप से शराब बिक्री करते 3 संचालक को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई थाना अभनपुर क्षेत्रांगतर्गत ग्राम गातापार स्थित दुकान में दुकान संचालक द्वारा दुकान में अवैध रूप से शराब बिक्री किया जा रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी अभनपुर को आरोपी को रंगेहाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना अभनपुर की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये ग्राम गातापार स्थित दुकान में जाकर दुकान में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान दुकान का संचालक उपस्थित था। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम कैलाश घुतलहरे तथा भंवरलाल घृतलहरे निवासी अभनपुर होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा दुकान की तलाशी लेने पर दुकान में शराब रखा होना पाया गया।

बेरोजगारी भत्ता योजना : केवल 20 दिनों में ही 30 हजार युवाओं के बेरोजगारी भत्ता मंजूर

- युवाओं के लिए आसान हुई केरियर बनाने की राह
- बेरोजगारी भत्ता के साथ मिलेगा कौशल विकास का लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में 01 अप्रैल 2023 को बेरोजगारी भत्ता योजना का शुभारंभ किया। शासन की इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ लेने के लिए युवाओं में काफी उत्साह दिख रहा है। योजना के तहत 20 दिनों के भीतर ही 30 हजार आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया गया है। योजना के तहत अब तक बेरोजगारी भत्ता के पोर्टल पर 91,049 आवेदन मिले है और इनमें से दस्तावेज सत्यापन के बाद 57,207 लोगों को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत करने की अनुशंसा की गई है।

मुख्यमंत्री बघेल की घोषणा के अनुरूप बेरोजगारी भत्ते की राशि 2,500 रूपए सीधे आवेदकों के बैंक खाते में डीबीटी द्वारा ट्रांसफर की जा रही है। योजना का उद्देश्य प्रदेश के बेरोजगारों को प्रतिमाह 2,500 रूपए का भत्ता देने के साथ-साथ उन्हें कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार योग्य बनाना है।

उल्लेखनीय है कि बेरोजगारी भत्ता योजना के शुभारंभ के पहले ही दिन 1 अप्रैल को शाम 5 बजे की स्थिति में इस पोर्टल में 4269 पंजीयन प्राप्त हुए थे। युवाओं का कहना है कि राज्य शासन से हर माह मिलने वाली 2500 रूपए की मदद उनके केरियर बनाने की राह में आने वाली आर्थिक कठिनाईयों को हल करने में काफी मददगार होगी। योजना के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के हाथों बेरोजगारी भत्ता स्वीकृति आदेश पाने वाले हितग्राही अत्यंत प्रसन्न नजर आ रहे थे, उन्होंने 1 अप्रैल को ही बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन किया था और उसी दिन उनका आवेदन स्वीकृत भी हो गया।

गौरतलब है कि पूर्व में संचालित बेरोजगारी भत्ता योजना की तुलना में वर्तमान में लागू योजना कहीं अधिक सफल है। वर्ष 2015 में बंद की गई बेरोजगारी भत्ता योजना में अधिकतम 22 हजार आवेदकों को ही बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया गया था, जबकि नई योजना के अंतर्गत पहले 20 दिनों में ही 30 हजार आवेदकों का भत्ता स्वीकृत किया जा चुका है। बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए आवेदन करने की कोई अंतिम तिथि निर्धारित नहीं है और ना ही पोर्टल के खुलने या बंद होने का समय तय किया गया है। पोर्टल समस्त दिनों के लिए 24 घंटे खुला है, आवेदक इस पोर्टल पर अपनी सुविधा अनुसार कभी भी आवेदन कर सकते हैं।

बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है। योजना के लिए आवेदन किए जाने वाले वर्ष के 1 अप्रैल को आवेदक की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम हायर सेकेण्डरी यानी 12वीं कक्षा पास हो। साथ ही छत्तीसगढ़ के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में पंजीकृत हो और आवेदन के वर्ष की 1 अप्रैल की स्थिति में हायर सेकेण्डरी या उससे अधिक योग्यता से उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो।

सातों दिन, 24 घंटे खुला है बेरोजगारी भत्ता पोर्टल

बेरोजगारी भत्ता योजना का पोर्टल 01 अप्रैल 2023 प्रातः से आवेदकों के लिए प्रारंभ हो चुका है। आवेदकों द्वारा इस पोर्टल पर पहले दिन से ही बड़ी संख्या में आवेदन किया जा रहा है। आवेदकों का कहना है कि पोर्टल द्वारा आवेदन करना बहुत ही आसान है, जिसमें वे आवश्यक समस्त दस्तावेजों को भी अपलोड कर रहे हैं, इस कार्य में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है।